जस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 514] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 7, 2014/आश्विन 15, 1936
No. 514] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 7, 2014/ASVINA 15, 1936

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)
रक्षोपाय महानिदेशालय
सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
अधिसूचना
नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 2014

विषय: भारत में अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इनगाट्स के आयातों के संबंध में रक्षोपाय जांच-अंतिम निष्कर्ष।

सा. का. नि. 706(अ).—सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 तथा तत्संबंधी सीमा शुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन), नियमावली, 1997 के संदर्भ में।

I. प्रक्रिया

1. सीमा शुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 5 के अंतर्गत मेरे समक्ष भारत में ''अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गाट्स'' (जिसे इसमें इसके पश्चात विचाराधीन उत्पाद कहा गया है) के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने के संबंध में मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मैसर्स सेसा स्टरलाइट लिमिटेड और मैसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा अपने परामर्शदाता मैसर्स टी पी एम कंसल्टेन्ट्स के माध्यम से एक आवेदन दायर किया गया है, जिससे कि भारत में विचाराधीन उत्पाद के संवर्धित आयातों के कारण हुई गंभीर क्षति/गंभीर क्षति के खतरे से विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उत्पादकों की रक्षा हो सके।

2. उक्त रक्षोपाय नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत अपेक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से आवेदक द्वारा दी गई जानकारी का आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन घरेलू उत्पादकों के संयंत्रों में घटना-स्थल का दौरा करके किया गया। सत्यापन-रिपोर्ट का गैर-गोपनीय पाठ पब्लिक फाइल में रख दिया गया है। इस बात से संतुष्ट हो जाने के बाद कि नियम 5 की अपेक्षाएं पूर्ण हो गई हैं, दिनांक 7 अप्रैल, 2014 को सीमा शुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 6 के अंतर्गत भारत में अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गाट्स के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच की शुरूआत का नोटिस जारी तथा उक्त तारीख को ही भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

3. सीमा शुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 6 (2) और 6 (3) के अनुसार घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन के गैर-गोपनीय पाठ की प्रति सहित दिनांक 7 अप्रैल, 2014 के जांच की शुरूआत संबंधी नोटिस की प्रति केन्द्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय और संबंधित मंत्रालयों, प्रमुख निर्यातक देशों की सरकारों को भारत में स्थित उनके दूतावासों के माध्यम से तथा नीचे सूचीबद्ध हितबद्ध पक्षकारों को भेजी गईं:

क. घरेलू उत्पादक

मैसर्स हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मैसर्स सेसा स्टरलाइट लिमिटेड और मैसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड

ख. आयातक/प्रयोक्ता:-

1. एरो कैंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ऑफिस नं. 104, सिटी सेंटर, सिनागॉग स्ट्रीट, पुणे कन्टोनमेंट, महाराष्ट्र
2. एलॉय टेक, प्लॉट नं. 22 ई, III मेन, क्रॉस एट्टीबेले इंडस्ट्रियल एरिया, एनेकल तालुक, बंगलोर, कर्नाटक
3. ए एल एम मेटल्स एंड अलॉय लिमिटेड, सर्वे नं. 56, एन एच 8 ए, वघासिया, वांकानेर, जिला-राजकोट, गुजरात-363621
4. आनंद इंटरप्राइजेज, सर्वे नं. 237/238, प्लॉट नं. 3, 4 और 7 बी, एन-8 बी, ग्राम वेरावल (शापर), जिला-राजकोट, गुजरात-363624
5. अन्विल केबल्स प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा प्रथम तल, कक्ष सं. 102, 224, ए जे सी बोस रोड, कोलकाता
6. अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अपार हाउस, कॉरपोरेट पार्क, बिल्डिंग नं. 5, सियॉन ट्राम्बे रोड, चेम्बूर, मुंबई-400071
7. अर्सिल कैटालिस्ट प्राइवेट लिमिटेड, कोस्टल हाइवे पर, डाकखाना मुजीपुर, तालुका पड्रा, वडोदरा
8. अरकेमा कैटालिस्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, 6 बी, रूबी हाउस, द्वितीय तल, जे. के. सावंत मार्ग, दादर (पश्चिम)।
9. बेस मेटल केमिकल्स, 101, सिनर्जी हाउस II गोरवा, सुभानपुरा, वडोदरा-390023, गुजरात
10. बोथरा मेटल्स एंड अलोय लिमिटेड, बोथरा हाउस, कक्ष सं. 15, तीसरा तल, 5 एसेम्बली लेन, डैडी सेथायगरी लेन, काबादेवी, मुंबई-400002, महाराष्ट्र
11. क्लासिक मेटल कॉरपोरेशन, विंग-402/403, रामजी हाउस, चौथा तल, 30, जम्बुलवाडी, कलाबादेवी रोड, मुंबई-400002
12. डेल्ट्रोनिक्स इंडिया लिमिटेड, ई-3, सेक्टर 59, नोएडा- 201301
13. डायनेमिक केबल्स प्राइवेट लिमिटेड, एफ-260, रोड नं. 13, वी के आई एरिया, जयपुर
14. इलेक्ट्रोलीड पुणे प्राइवेट लिमिटेड, गेट नं. 146, ग्राम महालुंगे, चकन इंडस्ट्रियल एरिया तालखेद, जिला पुणे-410501
15. लक्ष्मी इम्पेक्स, नं. 1126, प्रथम तल, टी एन एच बी कॉलोनी, विल्लापुरम एन आर प्रेस्टीज बिल्डिंग के निकट, अवनियापुरम, मदुरई, तमिलनाडु
16. लैप-रॉस इंजीनियरिंग लिमिटेड, पुलिवलयम गांव, बनावरम डाकघर, शोलिंगहूर, वेल्लोर जिला, रानीपेट-632505, तमिलनाडु
17. मैत्री इम्पेक्स, ऑफिस नं. 905, श्री गुरुकृपा टॉवर, सुभाष रोड, मोटी टंकी चौक, राजकोट-360001
18. मनकसिया लिमिटेड (पूर्ववर्ती हिन्दुस्तान सील्स लिमिटेड), बीकानेर बिल्डिंग, 8/1, लाल बाजार स्ट्रीट, तीसरा तल, कोलकाता-700001
19. मेट ट्रेड (इंडिया) लिमिटेड, 138-139, मेन रोड, गाजीपुर, दिल्ली-110096
20. आइमैक अलॉय कास्टिंग, नं. 4-6, माधावरम हाई रोड, सेमबियम, चेन्नई-600011, तमिलनाडु
21. आई एस एम टी लिमिटेड, लुन्काड टॉवर्स, विमान नगर, पुणे-14
22. जे एस के इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, 9, ए. के. नायक मार्ग, सी एस टी (वी टी), मुंबई
23. कटारिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, 34-44 इंडस्ट्रियल एस्टेट, रतलाम, मध्य प्रदेश
24. केविन इम्पैक्स, 9, 86-मापला वाडी, रोशन बेकरी के पीछे, लव लेन, मजगांव, मुंबई-400010 महाराष्ट्र

25. ओमाल्को एक्स्ट्रसन प्राइवेट लिमिटेड, बी/4 पुष्पा कॉम्प्लैक्स, डी बी गुप्ता रोड, पहाड़गंज, दिल्ली।

26. पारागांव इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जाकिर कॉलोनी, हापुड़ रोड, एल ब्लॉक के सामने, मेरठ-250004, उत्तर प्रदेश

27. पॉलीकैब वायर्स प्राइवेट लिमिटैड, प्रथम तल, हीको हाउस, 771, पंडित सतवालेकर मार्ग, माहिम (पश्चिम)

28. रानी मेटल्स, प्लॉट नं. 67, जीवन नगर, पार्ट-II, वल्लभगढ़, फरीदाबाद

29. सेज मेटल्स लिमिटेड, 346, फंक्शनल इंडस्ट्रियल एरिया, पटपड़गंज, दिल्ली-110092

30. शिवु एल्युमिनियम इंडस्ट्रीज, रक्षक विहार डाकखाना, अम्बाला रोड, जगधारी, हरियाणा-135003

31. स्मिता कंडक्टर्स लिमिटेड, 1402/3, रहेजा सेंटर, नारीमन प्वाईंट, फ्री प्रेस जर्नल रोड, मुंबई महाराष्ट्र-400021

32. स्टैंडर्ड कन्ड्यूटिस प्राइवेट लिमिटेड, 2/3, अशोक चैम्बर्स, देवजी रतनसी मार्ग, मस्जिद (पूर्व), मुंबई-400009

33. स्टार एक्सपोर्टस, नं. 3 नैवल हास्पिटल रोड, पेरियामेट, चेन्नई-600003

34. स्टरलाइट टेकनालॉजिस लिमिटेड, ई-।, ई-2, ई-3, एम आई डी सी, वलुज औरंगाबाद-431136, महाराष्ट्र

35. सुनलको अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड, कक्ष सं. 26, दूसरा तल, रूंगटा भवन, 94/100, फनसवाडी, मुंबई, महाराष्ट्र-400002

36. स्वास्तिक मेटल रॉलिंग मिल्स, 36, 37, हदाप्सार इंडस्ट्रियल एस्टेट, प्रवीण मसाले कंपनी के निकट, हदाप्सार, पुणे-411013

37. तितरा ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, सर्वे नं. 236/1 और 237, वेयर हाउस नं. के 05 एवं के 06 (बी), ग्राम मिथी रोहा, गांधीधाम (कच्छ), पिन-370201

38. गैलेक्सी एल्युमिनियम एल एल पी, 487/1, कुपवार एम आई डी सी के निकट, प्लॉट नं. 3, कुपवाड, ताल-मिराज, सांगली, महाराष्ट्र

39. गुलब्रांडसेन टेक्नॉलिजिस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, 405, सिनर्जी स्कवायर, कृष्णा इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोरवा, वडोदरा, गुजरात-390003

40. हिना मेटल प्राइवेट लिमिटेड नं. 117, कीका स्ट्रीट गुलालवाडी, मुंबई-400004, महाराष्ट्र

41. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सेन्चूरी भवन, तीसरा तल, डॉ. एनी बेसेंट रोड, वर्ली, मुंबई-400030

42. हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, नं. 15/1, कुब्बॉन रोड, बंगलोर, कर्नाटक

43. हिन्दुस्तान विद्युत प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कंचनजंगा, सातवां तल, 18, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली

44. जे एस डब्ल्यू स्टील लिमिटेड, जे एस डब्ल्यू-डॉल्वी वर्क्स, दि इन्क्लेव, पांचवां तल, मराठा उद्योग भवन के पीछे, न्यू प्रभादेवी रोड, प्रभादेवी, मुंबई-400025

45. जे एस डब्ल्यू स्टील लिमिटेड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई-400051

46. मैसर्स जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड, बंगलोर

ग. निर्यातक

1. यूनाइटेड कंपनी ऑफ रूसल, 13/1, निकोलायामस्का स्ट्रीट, मास्को, 109240, रूस
2. एल्युमिनियम बहरीन, पी ओ बॉक्स 570, किंगडम ऑफ बहरीन
3. दुबई एल्युमिनियम कंपनी, पी ओ बॉक्स 3627, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात
4. रियो टिंटो हेड ऑफिस 120 कॉलिन्स स्ट्रीट, मेलबर्न, आस्ट्रेलिया 3000
5. सोहार एल्युमिनियम, सोहार इंडस्ट्रियल एस्टेट, सोहार, सल्तनेट ऑफ ओमान
6. ईमाल, एमिरेट्स एल्युमिनियम, पी ओ बॉक्स 111023, अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात
7. एल्कोवा एल्कोवा ग्लोबल सेंटर, 390 पार्क एवेन्यू, न्यूयार्क, एन वाई 10022, संयुक्त राज्य अमेरिका
8. एल्युमिनियम कारपोरेशन ऑफ चाइना, नं. 62 शीजिमेन नॉर्थ एवेन्यू हैदियान डिस्ट्रिक्ट, बीजिंग, बेज 100082, चीन

9. नार्कस्क हाइड्रो, ड्रैम्मेन्सिवीन 260, नं. 0283, ओस्लो, नार्वे
10. बी एच पी बिलीटन लिमिटेड, थर्ड फ्लोर, 6 हालर्ड स्ट्रीट, जोहान्सबर्ग, गांवटेंग, दक्षिण अफ्रीका
11. कतर एल्युमिनियम लिमिटेड, (क्यू. एस. सी), पी ओ बॉक्स 23086, मेसईद इंडस्ट्रियल सिटी, कतर

घ. निर्यातक राष्ट्र

1. सल्तनेट ऑफ ओमान का दूतावास, नई दिल्ली
2. संयुक्त अरब अमीरात का दूतावास, मिनिस्ट्री आफ इकोनॉमी, नई दिल्ली
3. दक्षिण अफ्रीकी उच्चायोग, नई दिल्ली
4. मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड ऑफ रसियन फेडरेशन, नई दिल्ली
5. यूरोपियन यूनियन, डेलीगेशन टू इंडिया, नई दिल्ली

4. उपलब्ध सूचना के अनुसार भारत में ज्ञात निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इस अनुरोध के साथ प्रश्नावलियां भेजी गईं कि वे जांच की शुरूआत संबंधी नोटिस के 30 दिनांक के भीतर लिखित में अपनी राय से अवगत कराएं। निम्नलिखित पक्षकारों से प्रत्युत्तर प्राप्त हुए:-

क) मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमी
ख) मैसर्स अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड
ग) मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड ऑफ रसियन फेडरेशन
घ) मैसर्स सेन्चुरी मेटल रिसाइकिलिंग प्राइवेट लिमिटेड
ङ) मैसर्स सुनालको अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड
च) अल्कोवा इंक का प्रतिनिधित्व कर रहा सुरी एंड सुरी लॉ ऑफिस
छ) मैसर्स एल्युमिनियम बहरीन, बी एस सी का प्रतिनिधित्व कर रहा मैसर्स ई एल पी
ज) संयुक्त राज्य अमीरात का दूतावास
झ) मैसर्स जे एस के इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
ञ) मैसर्स स्मिता कंडक्टर्स लिमिटेड
ट) सल्तनेट ऑफ ओमान, मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
ठ) मैसर्स पॉलीकैब वायर्स

5. (क) निम्नलिखित पक्षकारों से उन्हें हितबद्ध पक्षकार के रूप में विचार किए जाने के अनुरोध प्राप्त हुए:-

क) यूरोपियन यूनियन, डेलीगेशन टू इंडिया
ख) मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड ऑफ दि रसियन फेडरेशन
ग) मैसर्स जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड
घ) आंध्र प्रदेश की मैसर्स एल्युमिनियम एक्सटूडर्स एसोसिएशन
ङ) मैसर्स भोरूका एक्सटूसन प्राइवेट लिमिटेड
च) सी ए सी एम ए आई का प्रतिनिधित्व कर रहा एथेना लॉज एसोसिएट्स
छ) मैसर्स के ई आई इंडस्ट्रीज
ज) आस्ट्रेलियाई उच्चायोग
झ) मैसर्स राविन केबल्स लिमिटेड
ञ) मैसर्स फिनोलैक्स केबल्स लिमिटेड
ट) एल्युमिनियम एक्सट्रडर्स काउंसिल (एलेक्स)
ठ) इंडियन इलैक्ट्रीकल एंड इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आई ई ई एम ए)

सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए गए।

ख. निम्नलिखित पक्षकारों ने रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 के नियम 6 (4) के अनुसार विस्तृत उत्तर प्रस्तुत करने के लिए और समय की मांग की:-

क) मैसर्स एल्युमिनियम बहरीन

ख) मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमी, संयुक्त अरब अमीरात

ग) मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, सल्तनेट ऑफ ओमान

छ) मैसर्स के ई आई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ड.) आस्ट्रेलियाई उच्चायोग

च) मैसर्स राविन केबल्स लिमिटेड

छ) मैसर्स फिनोलैक्स केबल्स लिमिटेड

प्रत्येक मामले में दिनांक **30.06.2014** तक समय बढ़ाए जाने की अनुमति प्रदान की गई।

II. हितबद्ध पक्षकारों की राय (जांच की शुरूआत के पश्चात)

6. निम्निलिखित आयातकों/निर्यातकों/निर्यातक राष्ट्रों से जांच की शुरूआत संबंधी नोटिस के प्रत्युत्तर प्राप्त हुए:-

1) आंध्र प्रदेश की मैसर्स एल्युमिनियम एक्सट्रूडर्स एसोसिएशन
2) मैसर्स भोरूका एक्सट्रशन प्राइवेट लिमिटेड
3) सी ए सी एम ए आई का प्रतिनिधित्व कर रहा एथेना लॉ एसोसिएट्स
4) मैसर्स के ई आई इंडस्ट्रीज
5) मैसर्स राविन केबल्स लिमिटेड
6) मैसर्स फिनोलैक्स केबल्स लिमिटेड
7) एल्युमिनियम एक्सट्रूडर्स काउंसिल (एलेक्स)
8) इंडियन इलेक्ट्रीकल एंड इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आई ई ई एम ए)
9) मैसर्स अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड
10) मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड ऑफ रसियन फेडरेशन
11) मैसर्स सेंचुरी मेटल रिसाइकिलिंग प्राइवेट लिमिटेड
12) मैसर्स सुनालको अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड
13) अल्कोवा इंक का प्रतिनिधित्व कर रहा सुरी एंड सुरी लॉ आफिस
14) मैसर्स एल्युमिनियम बहरीन, बी एस सी का प्रतिनिधित्व कर रहा मैसर्स ई एल पी
15) मैसर्स जे एस के इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
16) मैसर्स स्मिता कन्डक्टर्स लिमिटेड
17) मैसर्स पॉलीकैब वायर्स
18) मैसर्स जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड
19) सल्तनेट ऑफ ओमान, मिनिस्ट्री ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री
20) यूरोपियन यूनियन, डेलीगेशन टू इंडिया
21) संयुक्त अरब अमीरात का दूतावास
22) आस्ट्रेलियाई उच्चायोग

उचित निर्धारण करते समय हितबद्ध पक्षकारों द्वारा व्यक्त की गई राय को ध्यान में रखा गया है। प्राप्त अथवा अर्जित गैर-गोपनीय सूचना पब्लिक फाइल में रख दी गई है।

7. घरेलू उद्योग द्वारा व्यक्त की गई राय

i. हाल की अवधि में बहुत अधिक तेजी के साथ विचाराधीन उत्पाद के आयातों में कुछ समय में अचानक, तेज और उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।

ii. क्षति की अवधि के दौरान उत्पादन तथा खपत के संबंध में आयात में भी बढ़ोतरी हुई है।

iii. घरेलू उद्योग की बाजार में हिस्सेदारी में क्षति की अवधि के दौरान उल्लेखनीय कमी आई है तथा आयातों की बाजार में हिस्सेदारी बढ़ी है।

iv. आयात में वृद्धि के मुख्य कारण निम्नलिखित हैं:-

- पूरे विश्व में उत्पादकों के पास अपनी घरेलू मांग की तुलना में अधिक क्षमता मौजूद है।
- भारतीय बाजार अधिक विकास की संभावनाओं से युक्त एक बड़ा बाजार है।
- मध्य-पूर्व के देशों के पास अतिरिक्त (सरप्लस) क्षमता मौजूद है।
- विदेशी उत्पादकों की अनुकूल परिस्थितियां

क. ऊर्जा की सस्ती लागत

- मालभाड़े की दृष्टि से भारत एक उपयुक्त बाजार है

v. विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में कमी और फिर वृद्धि हुई। परंतु मांग में वृद्धि के बावजूद चालू वर्ष में होने वाला उत्पादन वर्ष 2010-11 में हुए उत्पादन की तुलना में अभी भी कम है।

vi. हाल की अवधि में बिक्री में उल्लेखनीय कमी आई है तथा इसके साथ-साथ इस अवधि में आयातों में वृद्धि हुई है।

vii. रोजगार के स्तर में मामूली कमी आई है। घरेलू उद्योग की उत्पादकता में गिरावट आई है।

viii. अवधि के दौरान कर से पूर्व लाभ प्रदायकता और घरेलू उद्योग के निवेश पर लाभ में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है।

ix. घरेलू और आयातित उत्पाद के मूल्य में काफी अंतर है।

x. विदेशी उत्पादक के पास उल्लेखनीय रूप से अप्रयुक्त क्षमताएं मौजूद हैं। इसके परिणामस्वरूप विदेशी उत्पादक जहां तक संभव है अतिरिक्त बाजारों की तलाश कर रहे हैं।

xi. आयातों की मात्रा में अपेक्षाकृत कम समय में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि हुई है।

xii. घरेलू बाजार में आयातों द्वारा एक महत्वपूर्ण हिस्से पर कब्जा कर लिया गया है और यह हिस्सेदारी बढ़ ही रही है।

xiii. विचाराधीन उत्पाद के संवर्धित आयातों के कारण घरेलू उद्योग के निष्पादन में तेजी से हुई गिरावट को देखते हुए चार वर्ष के लिए 10 प्रतिशत रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किए जाने का अनुरोध किया जाता है।

8. **आंध्र प्रदेश की एल्युमिनियम एक्सट्रूडर्स एसोसिएशन (ए एल ई एक्स टी ए) द्वारा व्यक्त की गई राय**

i. प्राथमिक उत्पादक, एल एम ई (लंदन धातु विनिमय) दर, अंतरराष्ट्रीय अधिमूल्य, विनिमय दर तथा आयात पर शुल्क को ध्यान में रखते हुए एल्युमिनियम धातु का मूल्य तय कर रहे हैं। भारतीय उत्पादक अधिक अधिमूल्य की मांग कर रहे हैं तथा घरेलू उपभोक्ताओं तक माल की ढुलाई पर उनका कुछ भी व्यय नहीं होता। उनके पास पहले से विद्यमान 5 प्रतिशत सीमा शुल्क का कवच मौजूद है।

ii. प्राथमिक उत्पादक बड़ी मात्रा में अपनी क्षमता का लगभग 30-40 प्रतिशत उत्पादक निर्यात कर रहे हैं और देश में कृत्रिम कमी की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

iii. यदि रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तब प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादक घरेलू बाजार के लिए अपने उत्पादों का मूल्य तय करते समय उक्त को भी ध्यान में रखेंगे। आयात तब भी जारी रहेगा क्योंकि घरेलू मूल्य, आयात के समान होगा। इससे केवल प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादकों को और अतिरिक्त लाभ होगा तथा इससे भारत के डाउनस्ट्रीट उद्योग तथा उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

iv. घरेलू बाजार में तैयार एल्युमिनियम उत्पादों का मूल्य, अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य की तुलना में अधिक होगा। इससे तैयार अलाभकारी और अन्तोगत्वा डाउनस्ट्रीट उद्योग बंद हो जाएंगे जिससे कि देश में रोजगार और राजस्व सृजन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

v. रक्षोपाय शुल्क से डाउनस्ट्रीट उत्पादों के विनिर्माताओं की निर्भरता बढेगी और व्यापार एवं अर्थव्यवस्था का वृहद हित प्रभावित होगा। इससे हजारों डाउनस्ट्रीट उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

9. सुनालको अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड की राय

i. विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में कमी आयातों के कारण नहीं है और उत्पादन लागत में अधिक वृद्धि होने के कारण हानि नहीं हो रही है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में एल एम ई मूल्यों में कमी के कारण से है।

ii. किसी प्रकार के शुल्क लगाए जाने से लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योगों तथा रोजगार पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

iii. लाभ प्रदायकता में कमी और हानि, उक्त कंपनियों के विस्तार, अत्यधिक विस्तार और आंतरिक पुनर्गठन के कारण से है।

iv. घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

v. यदि रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तब स्थानीय आयातक के लिए उत्पादन की लागत बढ़ेगी जिससे कि अंतरराष्ट्रीय विक्रेताओं से प्रतिस्पर्धा कर पाना उनके लिए कठिन होगा।

vi. रक्षोपाय शुल्क उपभोक्ता क्षेत्र और सार्वजनिक हित में नहीं है।

vii. यदि रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तब इसे निम्नलिखित पर भी लागू किया जाना चाहिए।

- सेकेन्ड्री एल्युमिनियम अलॉयज और रि-मेल्टेड एल्युमिनियम इन्गाट्स के आयात पर भी।
- एफ टी ए में भी एल्युमिनियम स्क्रैप की कच्ची सामग्री पर वर्तमान में लगने वाले शुल्क अर्थात् 2.5 प्रतिशत के बराबर रक्षोपाय शुल्क लगाया जाए।

10. जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) उत्पादन से संबंधित आंकड़े झूठे हैं।

(ii) यह दावा कि आवेदक उल्लेखनीय अप्रयुक्त क्षमताओं के साथ कार्य कर रहे हैं, सही नहीं है।

(iii) ऐसे किसी उद्योग को गंभीर क्षति होने का कोई आधार नहीं है जो अपनी प्रतिष्ठापित क्षमता से अधिक कार्य कर रहा हो। केवल हिंडाल्को, जो एक प्रमुख उत्पादक है, उच्च ब्याज लागत, कोयले की कमी तथा कोयल के खानों के आबंटन से संबंधित सी बी आई जांच से प्रभावित है।

(iv) एक अग्रणी उत्पादन नाल्को याचिका में घरेलू उद्योग के साथ शामिल नहीं हुआ है।

(v) एल्युमिनियम का घरेलू मूल्य अत्यधिक ऊंचा है और अंतरराष्ट्रीय मूल्य की तुलना में अधिक है।

(vi) घरेलू उद्योग का बड़ी ही तेज गति से विस्तार हो रहा है और एल्युमिनियम संबंधी क्षमता के अनुरूप अपना और विस्तार कर रहा है।

(vii) कंपनी विश्व की किसी भी एल्युमिनियम कंपनी से मुकाबला कर सकती है और अपने उपभोक्ता उद्योग की कीमत पर केवल अत्यधिक लाभ कमाना चाहती है। तथापि घरेलू उद्योग ने जिस हानि का दावा किया है वह मुख्यत: सरकार से बाक्साइट खानें प्राप्त न होने तथा अपने अनियोजित तथा भारी पूंजीगत व्ययों पर अत्यधिक ब्याज के बोझ के कारण से है। कंपनी को देश में इन्गाट्स के आयातों के कारण कोई नुकसान नहीं हो रहा है।

(viii) मध्य पूर्व से होने वाला आयात सस्ता नहीं है जैसा कि याचिकार्ताओं ने दावा किया है।

(ix) द्वितीयक एल्युमिनियम विनिर्माताओं तथा प्रोसेसरों द्वारा किया जाने वाला एल्युमिनियम का अधिकांश आयात मुख्यत: उनके निर्यात संबंधी हकदारियों के कारण है।

(x) यदि उत्पादन के सही आंकड़ों पर विचार तथा उनकी तुलना आयात संबंधी आंकड़ों से की जाए तब आयात भारतीय उत्पादन का केवल 14.02 प्रतिशत बैठता है। आयात में वृद्धि, घरेलू उत्पादकों के लिए एक प्रतिकूल मूल्य निर्धारण नीति के कारण से है जिसके फलत: उपभोक्ता को मौजूदा एल एम ई की तुलना में अधिक मूल्य का भुगतान करना पड़ता है।

(xi) उद्योग में कर्मचारियों की कटौती, कोई अप्रयुक्त क्षमता होने के लक्षण नहीं दिख रहे हैं, लाभ में असामान्य गिरावट को खतरा नहीं समझा जाना चाहिए और लोगों की कीमत पर और ज्यादा लाभ कमाने के लिए रक्षोपाय शुल्क का अतिरिक्त कवच प्रदान नहीं किया जाना चाहिए।

(xii) रक्षोपाय शुल्क अर्थव्यवस्था के लिए घातक सिद्ध होगा क्योंकि इससे सभी एल्युमिनियम उत्पादों की लागत बढ़ेगी तथा इससे अवसंरचना, ऑटोमोबाइल आदि सहित अर्थव्यस्था के सभी क्षेत्रों में मांग प्रभावित होगी।

(xiii) कोई क्षति नहीं हुई है, आंकड़े भ्रामक हैं, उत्पादन में वृद्धि हुई है, लाभ का स्तर यथावत बना हुआ है, हो सकता है यह कम हो और रोजगार की कोई क्षति नहीं हुई है।

11. भोरूका एक्सट्रूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) याचिकाकर्ता अपनी गलाने संबंधी क्षमता का अधिकतर उपयोग मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए कर रहा है ताकि ज्यादा लाभ कमाया जा सके। वे वायर रॉड, रॉल्ड उत्पाद-फाइल, अलाय इन्गाट्स एक्सट्रूशन आदि जैसे अपने डाउनस्ट्रीम उत्पादों के अधिकाधिक उत्पादन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद स्वाभाविक रूप से इन्गाट्स के उत्पादन में गिरावट की प्रवृत्ति आएगी। भारतीय उपभोक्ताओं को आयात हेतु विवश होना पड़ता है क्योंकि इन्गाट्स की काफी कम मात्रा आवेदकों द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई जाती है।

(ii) उत्पादन के संबंध में गलत आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं।

(iii) उत्पादन, स्थानीय उद्योग को तरसा कर स्थिति का अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

(iv) हिंडाल्को उच्च ब्याज लागत, कोयले की कमी तथा उनके कोयला खदान आबंटन पर हो रही सी बी आई जांच से प्रभावित है।

(v) एक अग्रणी उत्पादन नाल्को को आयातों में वृद्धि से कोई खतरा नहीं है और वह याचिकाकर्ता कंपनियों के साथ शामिल नहीं हुआ है।

(vi) याचिकाकर्ता की मूल्य निर्धारिण प्रणाली इस प्रकार से तैयार की गई है जिससे कि डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम उद्योग से एक-एक पैसा चूस लिया जाए। एल्युमिनियम का घरेलू मूल्य देश में मौजूद अधिकतम विनिमय दर (एल एम ई मूल्य+मेन जापानी पत्तन लाभ+5 प्रतिशत सीमा शुल्क) +मालभाड़ा+ अन्य प्रभार पर आधारित है। जब कभी इनमें कोई परिवर्तन होता है घरेलू मूल्य बदल जाते हैं यद्यपि उत्पादन की लागत वही रहती है।

(vii) प्राथमिक उत्पादन धातु का उत्पादन उस लागत पर कर रहे हैं जो विश्व में न्यूनतम है और उसे उन दरों पर बेच रहे हैं जो विश्व में अधिकतम है।

(viii) एल्युमिनियम के मूल्यों में विश्व भर में मंदी छायी हुई है, इसके बावजूद आवेदक अच्छा लाभ कमा रहे हैं तथा अपनी क्षमताओं में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं। उनकी लाभ प्रदायकता में थोड़ी से कमी वैश्विक आर्थिक मंदी, ब्याज के अधिक बोझ के कारण है।

12. केबल एंड कंडक्टर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सी ए सी एम ए आई) द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) रक्षोपाय वैसे असाधारण उपाय हैं जो केवल आपात परिस्थितियों में ही किए जाने चाहिएं। ये उस प्रकार के उपाय हैं जो अनुचित व्यापार प्रणाली में किसी आरोप के अभाव में आयात संबंधी प्रतिबंधों के रूप में क्रियान्वित किए जाते हैं।

(ii) सामग्री का भारत में विद्यमान दर से कम मूल्य पर आयात करना सार्वजनिक हित के प्रतिकूल नहीं समझा जाना चाहिए।

(iii) याचिका, विधि के अंतर्गत रक्षोपाय शुल्क के उद्देश्य के अनुरूप नहीं है।

(iv) एक घरेलू उद्योग के रूप में नाल्को का शामिल न होना।

(v) उत्पादन संबंधी आंकड़ों की गलत तुलना की गई है।

(vi) उनकी स्वयं की स्वीकारोक्ति के अनुसार, विगत तीन वर्षों के उत्पादन आंकड़े यह बताते हैं कि घरेलू उद्योग को किसी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है।

(vii) क्षमता की उपयोगिता को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

(viii) कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम नहीं हुआ है।

(ix) घरेलू उद्योग की समापन मालसूची काफी कम है। दर्शाया गया आंकड़ा बेतुका है।

(x) इन्गाट की नियंत्रित खपत, इन्गाटों के निर्यात तथा एल एम ई के प्रभाव की जांच नहीं की गई है।

(xi) आयातों से न तो गंभीर क्षति हुई है और न ही इससे गंभीर क्षति होने का खतरा है।

(xii) संवर्धित आयात और क्षति के बीच औपचारिक संबंध का अभाव है।

(xiii) आंकड़ों की शुद्धता और यथेष्टता की जांच किए बिना याचिका पर कार्रवाई की गई है।

(xiv) महत्वपूर्ण परिस्थितियों के अभाव में अनंतिम रक्षोपाय शुल्क का एक पक्षीय मामला नहीं है।

(xv) एल्युमिनियम इंगाटों पर रक्षोपाय शुल्क सार्वजनिक हित में नहीं है। यदि यह जांच सिद्ध भी हो जाती है फिर भी वर्ष 1999 में फास्फोरस संबंधी मामलों को उदाहरण के तौर पर रखते हुए रक्षोपाय शुल्क न लगाया जाए। उस मामले में महानिदेशक ने गंभीर क्षति पाए जाने के बावजूद सार्वजनिक हित में रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करने से मना कर दिया था।

13. मैसर्स राविन केबल्स लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) अग्रिम लाइसेंस तथा शुल्क प्रदत्त आयातों के अंतर्गत होने वाले आयातों के बारे में अलग-अलग आंकड़े नहीं दिए गए हैं। आयात संबंधी आंकड़ों से यह प्रतीत होता है कि इसमें अध्याय 76 के दायरे में आने वाले सभी उत्पाद शामिल कर लिए गए हैं। वास्तविक आंकड़ों के स्थान पर अनुक्रमित आंकड़े दिए गए हैं जिससे कि तुलना कर पाना ही असंभव हो जाए।

(ii) एल्युमिनियम आयातों में हुई तथाकथित वृद्धि मुख्यत: घरेलू एल्युमिनियम उत्पादकों के कारनामों और बुरे कार्यों के कारण से हुई है एवं यह अचानक नहीं हुआ है और न ही इसके पीछे अप्रत्याशित घटनाक्रम रहे हैं।

(iii) प्रतिशत के आधार पर क्षमता की उपयोगिता में कमी आयातों के कारण से नहीं बल्कि संचालन संबंधी घाटा, प्राकृतिक आपदाओं, विद्युत तथा कोयले की कमी, वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था दोनों में मंदी जैसे अनेक कारणों से हुई है।

(iv) विचाराधीन उत्पाद का निर्यात, विचाराधीन उत्पाद के आयात से कहीं अधिक है।

(v) कुछ मामलों में अंतिम आंकड़े दिए गए हैं वहीं कुछ मामलों में याचिकाकर्ताओं ने अपनी सुविधानुसार अनुक्रमित आंकड़े दिए हैं।

(vi) याचिका स्वयं पूर्ण नहीं है, प्रतिरोधी उद्योग विस्तृत उत्तर दे नहीं पाया है।

(vii) रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने संबंधी किसी भी कदम से डाउनस्ट्रीम उद्योग की व्यवहार्यता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जिससे न केवल स्वयं एल्युमिनियम उद्योग पर प्रभाव पड़ेगा अपितु रोजगार की क्षति होने के साथ-साथ भारतीय निर्यातों में जबरदस्त कमी आएगी जिससे देश के लिए विदेशी विनिमय अर्जित करने में भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

(viii) नाल्को शामिल नहीं है। अत: याचिका पूरे घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

(ix) निर्यात संबंधी आंकड़े नहीं दिए गए हैं।

(x) यद्यपि एल एम ई मूल्य गिर रहा है लेकिन घरेलू उद्योग द्वारा तय किए जा रहे मूल्यों में साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है जिससे डाउनस्ट्रीम उद्योग विचाराधीन उत्पाद का आयात करने पर विवश हो रहा है।

(xi) प्रचालन संबंधी आघात के कारण घरेलू उद्योग की आपूर्तियों में अनिश्चितता है।

(xii) घरेलू उद्योग के विचाराधीन उत्पाद की गुणवत्ता खराब है और प्रतिस्पर्धी वाणिज्यिक शर्तें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

(xiii) घरेलू उद्योग के आर्थिक संकेतकों में किसी भी संकेतक में गिरावट इतनी उल्लेखनीय और आपवादिक नहीं है जिससे कि रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने का औचित्य साबित किया जा सके।

14. सूरी एंड सूरी लॉ ऑफिस के माध्यम से अल्कोआ ईक द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) ऐसा कोई संकेत नहीं है कि किए गए संवर्धित आयात से कोई क्षति हुई है। यह घरेलू उद्योग के इस विकल्प का स्वाभाविक परिणाम है कि उत्पादन क्षमता का उपयोग अधिक लाभ वाले मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए किया जाए।

(ii) नाल्को को शामिल करते हुए महानिदेशक क्षति संबंधी विश्लेषण करें।

(iii) घरेलू मांग में वृद्धि के अनुरूप आयातों तथा घरेलू उत्पादन दोनों में बढ़ोतरी हुई है।

(iv) आवेदकों द्वारा किए गए सुनियोजित क्षमता विस्तार से घरेलू बाजार के विकास और व्यवहार्यता का पता चलता है।

(v) आवेदकों के निष्पादन संबंधी आंकड़े संवर्धित आयात की प्रमात्रा से प्रभावित नहीं हुए हैं।

(vi) घरेलू उत्पादक पहले से ही बाजार में उल्लेखनीय सुरक्षा का लाभ उठा रहे हैं।

(vii) इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि गंभीर क्षति आसन्न है और न ही होने वाली क्षति के खतरे का संबंध संवर्धित आयात की प्रमात्रा से है।

(viii) आवेदकों का क्षति संबंधी दावा कुल मिलाकर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों पर आधारित है। वर्ष 2012-13 में घरेलू उद्योग की लाभ प्रदायकता में कमी आई परंतु वर्ष 2013-14 में इसमें उल्लेखनीय रूप से सुधार भी हुआ।

(ix) ऐसा कोई संकेत नहीं है कि लाभ में कमी वैश्विक मांग की परिस्थितियों की बजाय संवर्धित आयात के कारण से हुई है।

15. जे एस के इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) याचिकाकर्ताओं ने इंगाट उत्पादन को कम करते हुए अधिक मूल्य वर्धित उत्पादों का ज्यादा निर्माण करने को प्राथमिकता दी है।

(ii) जांच की अवधि 2011-12 से 2013-14 में, वैश्विक मंदी से वापस होने की अवधि भी शामिल है जिसके दौरान मांग कम थी और प्रत्येक उद्योग संघर्ष कर रहा था।

(iii) भ्रामक आंकड़े

(iv) याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा प्रस्तुत इन्गाट के आयात संबंधी आंकड़े पूरे आयात के लिए हैं। आयात का एक प्रमुख हिस्सा, निर्यात प्रोत्साहन के रूप में है।

(v) अन्य महत्वपूर्ण कारणों जैसे कच्चे सामान की अनुपलब्धता से लाभ प्रदायकता प्रभावित हुई है।

16. ऑल इंडिया एल्युमिनियम एक्सट्रूडर्स काउंसिल (एलेक्स) द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) याचिकाकर्ता अपनी गलाने संबंधी क्षमता का अधिकतर उपयोग मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए कर रहा है ताकि ज्यादा लाभ कमाया जा सके। वे अपने डाउनस्ट्रीम उत्पादों के अधिकाधिक उत्पादन को प्राथमिकता दे रहे हैं। उत्पादन में वृद्धि होने के बावजूद स्वाभाविक रूप से इन्गाट्स के उत्पादन में गिरावट की प्रवृत्ति आएगी। भारतीय उपभोक्ताओं को आयात हेतु विवश होना पड़ता है क्योंकि इन्गाट्स की काफी कम मात्रा आवेदकों द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई जाती है।

(ii) उत्पादन, स्थानीय उद्योग को तरसा कर स्थिति का अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

(iii) हिंडाल्को उच्च ब्याज लागत, कोयले की कमी तथा उनके कोयला खदान आबंटन पर हो रही सी बी आई जांच से प्रभावित है।

(iv) एक अग्रणी उत्पादन नाल्को को आयातों में वृद्धि से कोई खतरा नहीं है और वह याचिकाकर्ता कंपनियों के साथ शामिल नहीं हुआ है।

(v) एल्युमिनियम का घरेलू मूल्य देश में मौजूद अधिकतम विनिमय दर (एल एम ई मूल्य+ मेन जापानी पत्तन लाभ+ 5 प्रतिशत सीमा शुल्क) + मालभाड़ा अन्य प्रभार पर आधारित है। जब कभी इनमें कोई परिवर्तन होता है घरेलू मूल्य बदल जाते हैं यद्यपि उत्पादन की लागत वही रहती है।

(vi) प्राथमिक उत्पादक धातु का उत्पादन उस लागत पर कर रहे हैं जो विश्व में न्यूनतम है और उसे उन दरों पर बेच रहे हैं जो विश्व में अधिकतम है। वे अंतरराष्ट्रीय दरों से अधिक मूल्यों पर बेच पाने में सफल हो रहे हैं।

(vii) एल्युमिनियम के मूल्यों में विश्व भर में मंदी छायी हुई है, इसके बावजूद आवेदक अच्छा लाभ कमा रहे हैं तथा अपनी क्षमताओं में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं। उनकी लाभ प्रदायकता में थोड़ी सी कमी वैश्विक आर्थिक मंदी, ब्याज के अधिक बोझ के कारण है।

(viii) नाल्को के वित्तीय नतीजे यह बताते हैं कि आयातों में तथाकथित बढ़ोतरी के बावजूद चालू वर्ष में नाल्को का लाभ वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति तथा धातु के निम्नतर मूल्य के होते हुए भी बेहतर रहेगा। एल एम ई मूल्यों में गिरावट की क्षतिपूर्ति विगत दो वर्षों में 20 प्रतिशत से अधिक रुपये में गिरावट से हो गई है।

(ix) मध्य पूर्व में उत्पादन की लागत कम नहीं है जैसा कि दावा किया गया है।

(x) अधिकांश आयात, निर्यात हकदारियों के रूप में है।

(xi) उत्पादन संबंधी आंकड़े गलत दिए गए हैं।

(xii) यह आरोप लगाया गया है कि आवेदकों को अपनी मालसूची के परिसमापन हेतु निर्यात करने पर विवश किया जा रहा है। तथ्य यह है कि सभी आवेदक एक दीर्घकालिक सुनियोजित रणनीति के तहत विभिन्न कारणों:अपनी निर्यात संबंधी बाध्यता को पूरा करने, विदेशों में स्थित अपनी सहायक कंपनियों को माल भेजने, उनकी मुद्रा प्राप्त करने का अवसर भुनाने के लिए निर्यात कर रहे हैं। निर्यात से उन्हें बेहतर लाभ प्राप्त हो रहा है।

(xiii) गलाने की पूरी क्षमता को सामने रखना तथा केवल कुछ उत्पादों का उत्पादन दिखाना, समग्र रूप से तथ्यों को गलत प्रकार से दर्शाना है।

(xiv) कई जगहों पर अनुक्रमित आंकड़े दिखाकर आंकड़ों को छिपाया, जोड़ा-तोड़ा तथा गलत दिखाया गया है।

(xv) आवेदक के संयंत्रों में रोजगार की कोई हानि नहीं हुई है।

(xvi) वर्ष 2010-11 की तुलना में घरेलू उद्योग की लाभ प्रदायकता थोड़ी सी प्रभावित हुई है जो वैश्विक मंदी के कारण से है न कि आयातों में आई तेजी से।

(xvii) रक्षोपाय शुल्क से सभी एल्युमिनियम उत्पादों की लागत में वृद्धि होगी तथा इससे अवसंरचना, ऑटोमोबाइल आदि सहित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में मांग पर प्रभाव पड़ेगा।

17. सेन्चुरी एक्सट्रूशन्स लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय (दी गई राय ऊपर एलेक्स द्वारा बिंदु-वार दी गई राय के समान है)

18. आई ई ई एम ए द्वारा व्यक्त की गई राय (दी गई राय ऊपर एलेक्स द्वारा बिंदु-वार दी गई राय के समान है)

19. स्मिता कन्डक्टर्स लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय (दी गई राय ऊपर एलेक्स द्वारा बिंदु-वार दी गई राय के समान है)

20. के ई आई इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय (दी गई राय ऊपर एलेक्स द्वारा बिंदु-वार दी गई राय के समान है)

21. फिनोलैक्स केबल्स लिमिटेड द्वारा व्यक्त की गई राय (दी गई राय ऊपर एलेक्स द्वारा बिंदु-वार दी गई राय के समान है)

22. संयुक्त अरब अमीरात, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमी द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) जांच की अवधि के दौरान संयुक्त अरब अमीरात से विचाराधीन उत्पाद के आयात से संबंधित आंकड़ा त्रुटिपूर्ण है और संभवत: भारत में संयुक्त अरब अमीरात से आयात होने वाले एल्युमिनियिम मदों के गलत वर्गीकरण, विशेषकर समान प्रशुल्क वर्गीकरण (76011010) के तहत बिलेट और फौन्डरी की एल्युमिनियम मदों के शामिल होने के कारण बढा-चढ़ाकर दर्शाया गया है। जांच की शुरूआत गलत की गई है।

(ii) कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम नहीं हुआ है।

(iii) कोई सकारात्मक साक्ष्य नहीं है कि विचाराधीन उत्पाद के आयात में तथाकथित बढ़ोतरी से आवेदकों को गंभीर क्षति हुई है तथा गंभीर क्षति होने का खतरा है।

(iv) संवर्धित आयात तथा तथाकथित गंभीर क्षति के बीच कोई औपचारिक संबंध नहीं है। आवेदकों को तथाकथित क्षति, जांच की अवधि के दौरान वैश्विक प्रवृत्तियों तथा एल एम ई मूल्य में गिरावट के कारण हुई है।

23. अपार इंडस्ट्रीज द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) नाल्को शामिल नहीं हुआ है। दायर याचिका पूरे घरेलूउद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

(ii) आयातों में वृद्धि की क्षतिपूर्ति निर्यात में बढ़ोतरी से हुई है।

(iii) आवेदकों के आर्थिक निष्पादन के लिए वैश्विक प्रवृत्तियां, एल एम ई मूल्य, ऊर्जा लागत जैसे अन्य कारण उत्तरदायी हैं।

(iv) कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है।

(v) तथाकथित आर्थिक निष्पादन, गलत आंकड़ों से सिद्ध किया गया है और यदि जांच के लिए सटीक आंकड़ा और हाल के आंकड़े लिए गए होते तो रक्षोपाय शुल्क लगाए जाने का कोई औचित्य ही नहीं होता।

24. आस्ट्रेलियाई उच्चायोग द्वारा व्यक्त की गई राय

(i) उत्पाद के दायरे के संबंध में और जांच तथा स्पष्टता की आवश्यकता है।

(ii) भारत का दूसरा सबसे बड़ा घरेलू उत्पादक नाल्को इस याचिका का समर्थन नहीं कर रहा है। इस जांच में नाल्को को अवश्य शामिल किया जाना चाहिए। चूंकि नाल्को शामिल नहीं है तो क्या शेष उत्पादक घरेलू उद्योग की अपेक्षाएं पूरी करते हैं।

(iii) इस बात का आकलन करने के लिए क्या संवर्धित आयात डब्ल्यू टी ओ रक्षोपाय समझौते के अनुच्छेद 2.1 की संवर्धित आयात अपेक्षा पूरी करता है, आयात की मध्यावधि प्रवृत्ति पर पूरी तरह से विचार किया जाना चाहिए।

(iv) याचिका में दिए गए आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं।

(v) याचिका में 'घरेलू उद्योग' तथा 'घरेलू उत्पादन' का प्रयोग हमेशा केवल याचिकाकर्ताओं के संदर्भ में नहीं किया गया है जिससे भ्रम पैदा होता है।

(vi) आयातों में वृद्धि हुई है परंतु इसी अनुपात में संवर्धित आयात के साथ घरेलू उद्योग की बाजार में हिस्सेदारी बढ़ी है।

(vii) याचिकाकर्ताओं की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी वस्तुत: नाल्को की बाजार में हिस्सेदारी की तुलना में बढ़ रही है। आयातों की बाजार में हिस्सेदारी की प्रतिशतता, याचिकाकर्ताओं की बाजार में हिस्सेदारी में बढ़ोतरी के अनुरूप प्रतीत होती है।

(viii) कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम नहीं हुआ है।

(ix) 'अन्य कारणों' जिससे क्षति हो सकती है, की जांच की जानी चाहिए।

(x) कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है या गंभीर क्षति होने का खतरा नहीं है क्योंकि पिछले वर्षों के दौरान प्रतिष्ठापित क्षमता में सतत रूप से वृद्धि हुई है।

III. आम सुनवाई

25. दिनांक 3 जुलाई, 2014 को आम सुनवाई हुई जिसकी सूचना दिनांक 17 जून, 2014 को हितबद्ध पक्षकारों को भेजी गई थी। उक्त सार्वजनिक सुनवाई में घरेलू उद्योग, मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटैड, मैसर्स सेसा स्टरलाइट लिमिटेड और मैसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड के साथ-साथ निम्नलिखित पक्षकारों ने हिस्सा लिया:-

निर्यातक राष्ट्र

i. आस्ट्रेलियाई उच्चायोग

ii. ट्रेड एंड इकोनॉमी सेक्शन, डेलीगेशन ऑफ दि यूरोपियन यूनियन टू इंडिया

iii. सल्तनेट ऑफ ओमान का दूतावास

iv. रूसी परिसंघ

v. संयुक्त अरब अमीरात का दूतावास

vi. किंगडम ऑफ बहरीन

vii. मलेशियाई उच्चायोग

निर्यातक

1. मैसर्स एल्युमिनियम बहरीन
2. मैसर्स रियो टिन्टो, आस्ट्रेलिया

आयातक/आयातक एसोसिएशन

1. मैसर्स अपार इंडस्ट्रीज लिमिटेड
2. मैसर्स भोरूका एक्सट्रूशन्स प्राइवेट लिमिटेड
3. केबल एंड कन्डक्टर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहा एथेना लॉ एसोसिएट्स
4. हिन्दुस्तान विद्युत प्रोडक्ट्स लिमिटेड

5. आई ई ई एम ए
6. मैसर्स जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड
7. मैसर्स जे एस के इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
8. मैसर्स राविन केबल्स लिमिटेड
9. मैसर्स स्मिता कन्डक्टर्स लिमिटेड
10. मैसर्स स्टरलाइट टेक्नॉलॉजिकल लिमिटेड
11. पोलीकैब वायर्स (प्रा.) लिमिटेड
12. सेंचुरी एक्सट्रूशंस
13. एल्युमिनियम एक्सट्रूडर्स काउंसिल
14. मैसर्स इंडो अलॉयज इंडस लिमिटेड
15. सुडाल इंडसट्रीज लिमिटेड
16. अलोम एक्सट्रूशंस लिमिटेड

26. जन सुनवाई में भाग लेने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से अपेक्षित है कि वे सीमा शुल्क (रक्षोपाय ड्यूटी की पहचान एवं निर्धारण) नियमावली, 1997 के नियम 6 के उपनियम (6) के अनुसार मौखिक रूप से रखे गए विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उसके बाद, हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रस्तुत लिखित दस्तावेजों की प्रति घरेलू उद्योग सहित सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई जाती है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिखित दस्तावेजों के लिए रिज्वाइंडर, यदि कोई हो, दायर करने का भी अवसर दिया जाता है। दिनांक 3 जुलाई, 2014 को इस मामले में जन सुनवाई के क्रम में घरेलू उद्योग ने मौखिक अनुरोध और उसके बाद लिखित अनुरोध प्रस्तुत किए। जन सुनवाई में भाग लेने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया कि वे सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय डयूटी की पहचान एवं निर्धारण नियमावली, 1997 के नियम 6 के उपनियम (6) के अनुसार मौखिक रूप से रखे गए विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा लिखित अनुरोधों की प्रतियां सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराई गईं। हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिखित अनुरोधों के लिए रिज्वाइंडर, यदि कोई हो, दायर करने के लिए भी अवसर दिया गया।

27. तदनुसार, आरंभ उपरांत एवं सुनवाई उपरांत लिखित अनुरोधों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा व्यक्त सभी विचारों की जांच की गई और समुचित अवधारणा करने में इनको ध्यान में रखा गया।

IV. हितबद्ध पक्षकारों के विचार (सुनवाई उपरांत)

28. मैसर्स टीपीएम कंसल्टेंट के माध्यम से घरेलू उद्योग के विचार

घरेलू उद्योग का अनुरोध निम्नवत था :

(क) भारत में वस्तुओं के आयात में वृद्धि :

1. नुकसान (इंज्यूटी) की पूरी अवधि में पीयूसी के आयातों में वृद्धि हुई है, आयातों के व्यवहार में अस्थायी परिवर्तन आयातों में वृद्धि की विद्यमानता को दर्शाने वाले समग्र रूझान को पलटने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है। पीयूसी के आयातों में पूर्ण एवं सापेक्ष दोनों संदर्भों में तेजी से वृद्धि होने का पता चला है।

(ख) अप्रत्याशित परिस्थितियां :

डीआई ने निम्नलिखित कारण प्रस्तुत किए हैं जो उनकी समझ के अनुसार मौजूदा मामले में अप्रत्याशित परिस्थितियां हैं :

(i) विचाराधीन उत्पाद के आयातों में विगत की अवधि में काफी वृद्धि हुई है। डीआई ने यह बताया है कि आयाता किए जा रहे अधिकांश धातु मध्य पूर्व मूल के हैं। आयातों में वृद्धि निम्नलिखित कारणों से है :

(ii) मध्य पूर्व शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यात बन गया।

(iii) मध्य पूर्वी देशों में मांग एवं आपूर्ति के बीच काफी अंतराल क्योंकि आयात पर चीन की निर्भरता घटी है (जो मध्य पूर्व देशों के लिए लक्ष्य बाजार है)।

(iv) भारतीय बाजार काफी कड़ा है जिसमें अधिक वृद्धि की संभावना का उपयोग अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए किया गया है।

(v) विदेशी उत्पादकों के साथ लाभ :

(a) सस्ती ऊर्जा लागत

(b) भारत भाड़ा हितैषी बाजार है।

(ग) घरेलू उद्योग के लिए नुकसान

क. पीयूसी के आयात में पूर्ण संदर्भ में और भारत में अनुपात एवं उपयोग के संबंध में काफी वृद्धि हुई है।

ख. नुकसान की अवधि में पीयूसी के लिए समग्र मांग में हाल की अवधि में कमी आई है और आयात में वृद्धि से घरेलू उद्योग का नुकसान बढ़ा है।

ग. घरेलू उद्योग का उत्पादन नहीं घटा है क्योंकि डीआई ने उत्पादन को अधिकतम करने की नीति को अपनाया है।

घ. डीआई का क्षमता उपयोग नहीं घटा है।

ङ. इस अविध में आयातों में वृद्धि होने से चालू वर्ष में घरेलू बिक्रियों में काफी कमी आई है।

च. घरेलू बिक्रियों में कमी मांग में कमी से काफी अधिक है।

छ. उत्पादन के परिसमापनप के लिए डीआई हेतु बाध्यता के कारण निर्यात बढ़ा है।

ज. आयातों का बिक्री मूल्य निम्नलिखित से कम है :

(i) घरेलू उद्योग का बिक्री मूल्य

(ii) घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत

झ. लाभप्रदता में तेजी से कमी आई है।

ञ. निवेश पर रिटर्न काफी कम हुआ है।

ट. रोजगार के स्तर में कोई अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है।

ठ. बजार शुल्क बिक्री मात्रा मे गिरावट उत्पादन मे वृद्धि की तुलना मे बहुत अधिक है।

(घ) गंभीर नुकसान का खतरा :

(क) घरेलू एंव आयातित उत्पाद के बीच मूल्य अंतर काफी अधिक है।

(ख) विदेशी उत्पाद के पास काफी अप्रयुक्त क्षमता है। परिणामस्वरूप, विदेशी उत्पादक यथासंभव अधिक से अधिक अतिरिक्त बाजार की तलाश कर रहे हैं।

(ग) एल्युमीनियम इन्गॉट्स के लिए प्रमुख चाइनीज बाजार मध्यपूर्व देशों के निर्यातोन्मुख उत्पादनकर्ताओं के लिए कम हो गया है, जबकि भारतीय बाजार काफी सुदृढ़ है।

उत्पाद की मांग : जहां हाल की अवधि में मांग में कुछ हद तक कमी आई है, वहीं नुकसान अवधि में समग्र मांग सकारात्मक है। इसके अतिरिक्त, हाल की अवधि में जबकि मांग कमी है, आयात बढ़ा है। इस प्रकार घरेलू उद्योग को नुकसान निर्यात में वृद्धि के कारण है।

निर्यात कार्यनिष्पादन : याचिकाकर्ताओं ने विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। जैसाकि पहले कहा गया है, घरेलू उद्योग माल रखे नहीं रह सकता है और इसलिए माल का निर्यात करने के लिए बाध्य हैं। घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात भारत में उत्पाद के बढ़ते आयात के परिणाम हैं।

(ड.) कारणात्मक संबंध :

(क) उत्पादन की मुख्य रूप से बिक्री आयातों के साथ तुलना/प्रतिस्पर्धा में की जाती है। आयातों का अंतिम मूल्य घरेलू उद्योग के बिक्री मूल्य से काफी कम है।

(ख) घरेलू उद्योग बिक्री अवसरों को खो रहा है। परिणामस्वरूप, बिक्री मात्रा, बाजार अंश, लाभ, घरेलू उद्योग के निवेश पर रिटर्न कम मूल्य के आयातों में वृद्धि की मौजूदगी के कारण कम हुआ है।

(ग) आयात में वृद्धि के परिणामस्वरूप आयातों के बाजार अंश में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के बाजार अंश में कमी आई है।

(च) समायोजन योजना :

घरेलू उद्योग में एक समायोजन योजना प्रस्तुत की है जिसमें आयात प्रतिस्पर्धा के लिए एक सकारात्मक समायोजन करने हेतु किए जाने योजनाबद्ध प्रयासों का ब्यौरा दिया गया है। योजनाओं में लागत में कमी मौजूदा एवं भविष्य की उत्पादन क्षमता के इष्टतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

(छ) जनहित :

क. रक्षोपाय डयूटी लगाने से घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में कमी रूकेगी तथा घरेलू उद्योग को हुए नुकसान में कमी आएगी। रक्षोपाय डयूटी से घरेलू उत्पादक अर्थक्षम एवं प्रतियोगी हो सकेंगे।

ख. ग्राहकों को विचाराधीन उत्पादन की आपूर्ति करने में सक्षम प्रतियोगी भारतीय घरेलू उद्योग का होना और विदेशी उत्पादकों से प्रतिस्पर्धा करना उपभोक्ताओं के हित में है। संबंधित वस्तुओं का उपयोग औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। इसलिए आयात पर निर्भरता कम करना कार्यनीतिक दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण है।

ग. डीआई देश में चालू एवं संभावित/भविष्य की मांग को पूरा करने के लिए सक्षम है।

घ. प्रत्येक उपभोक्ता उद्योग पर प्रस्तावित रक्षोपाय शुल्क का प्रभाव नगण्य होगा। याचिकाकर्ता ने निवेदन किया है कि शब्द जनिहत को घरेलू उत्पादकों, घरेलू उपभोक्ताओं एवं जनता के हित के रूप में माना जाना चाहिए। इस संबंध में यह विचार करते हुए घरेलू उद्योग का बना रहना आवश्यक है और अंतिम उत्पाद पर लगभग नगण्य प्रभाव को ध्यान में रखे हुए, यह निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए कि रक्षोपाय डयूटी लगाना जनहित में होगा।

निर्यातक राष्ट्रों के विचार :

29. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई)

(i) संयुक्त अरब अमीरात में विचाराधीन उत्पाद का गलत एवं असामान्य आयात आंकड़ा

- संयुक्त अरब अमीरात का भारत में एल्यूमीनियम का निर्यात मुख्य रूप से बिलेट्स एवं फाउंड्री एल्यूमिनियम उत्पाद हैं जो इस जांच के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं और अनिर्मित एल्यूमीनियम के अभिक्षित इन्गॉट्स की मात्रा केवल नाममात्र है जिनका संयुक्त अरब अमीरात से भारत को प्रभावी ढंग से निर्यात जांच की अवधि के दौरान हुआ।
- बिलों से पता चला है कि संयुक्त अरब अमीरात से भारत में किए जा रहे निर्यात जो "मुख्य रूप से एल्यूमीनियम फाउंड्री मिश्रित इन्गॉट्स है, के विवरण में स्पष्ट रूप से विसंगति जो इस जांच के कार्यक्षेत्र से बाहर है।
- इस जांच में निर्यात में वास्तव में वृद्धि हो रही है।

(ii) आयातों की कोई अप्रत्याशित वृद्धि नहीं जिससे गंभीर नुकसान पैदा हो सकता है या होने का खतरा है।

- आयात गंभीर नुकसान और केजूएल्टी में वृद्धि से संबंधित शर्तों को पूरा करना विधिपूर्वक रक्षोपाय ड्यूटी लगाने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है किन्तु आगे यह भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए कि अप्रत्याशित घटनाक्रमों के कारण आयात में वृद्धि हुई है।

(iii) घरेलू उद्योग को कोई नुकसान या गंभीर नुकसान को खतरा नहीं।

- आवेदकों की स्थिति में ऐसी कोई समग्र विसंगति नहीं है जैसाकि उत्पादन की क्षमता में सुधार, बेहतर क्षमता उपयोग एवं लाभप्रदता में प्रगति से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।
- क्षमता उपयोग में गिरावट का वास्तविक कारण आयात से संबंधित नहीं है बल्कि खनन लाइसेंस प्राप्त करने में देरी से संबंधित है।
- जांच की अवधि के पिछले वर्ष के दौरान विभिन्न आर्थिक एवं वित्तीय संकेतकों में सुधार गंभीर नुकसान के खतरे के किसी दावे को खारिज करता है।

(iv) आयात में वृद्धि और कथित गंभीर नुकसान के बीच काई केजूएल लिंक नहीं

- **आयात में वृद्धि और कथित गंभीर नुकसान के बीच कोई सहसंबंध नहीं।**
- समानंतर रूप में, उस समय जब विचाराधीन उत्पाद के आयातों में वर्ष 2012-13 में वृद्धि हुई, आवेदकों की स्थिति में सुधार हो रहा था जैसाकि लगभग सभी आर्थिक संकेतकों विशेषकर बाजार अंक (60 प्रतिशत) (538.657 मीट्रिक टन), उत्पादन क्षमता (1.269.900 एमटी) में स्पष्ट वृद्धि से प्रतिलक्षित होता है।
- **आयात में वृद्धि से भिन्न कारक आवेदकों को किसी कथित नुकसान के कारण हैं :**

(क) किसी विशेष समय सीमा के दौरान एलएमई मूल्य में गिरावट के परिणामस्वरूप विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों के बिक्री मूल्य में गिरावट को पैदा करेगा।

(ख) कथित गंभीर नुकसान या उसका खतरा आयात रूझानों से नहीं जुड़ा है बल्कि जांच की अवधि के दौरान सामान्य रूप से वैश्विक रूझानों और विशेष रूप से एलएमई मूल्य में कमी से जुड़ा है।

(v) रक्षोपाय ड्यूटी लगाने में कोई जनहित नहीं।

- रक्षोपाय उपाय करने से भारतीय बाजार में मध्य एल्यूमीनियम के मूल्य में वृद्धि होगी जिसका भारतीय बाजार में इस उत्पाद के प्रमुख अंतिम प्रयोक्ताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
- घरेलू उद्योग आयात पर 5 प्रतिशत सीमाशुल्क डयूटी लगाए जाने से पहले ही संरक्षित है और रक्षोपाय उपाय के रूप में किसी अतिरिक्त सीमाशुल्क डयूटी को लगाने से भारत में अन्य उद्यमियों के विधिसम्मत वाणिज्यिक हितों पर निश्चित रूप से प्रतिकूल असर पड़ेगा और यह जनहित के विपरीत देखा जाता है।

(vi) आगे बिना कार्यवाहियों के जांच को समाप्त किया जाना चाहिए। डीजी, रक्षोपाय द्वारा अपनी जांच जारी रखे जाने तक कोई अनंतिम उपाय नहीं किए जाने चाहिए।

30. आस्ट्रेलियाई हाई कमीशन

- उत्पाद कवरेज पर आगे और जांच एवं स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।
- भारत में दूसरा सबसे बड़ा घरेलू उत्पादक, नाल्को इस याचिका का समर्थन नहीं करता है। नालको को इस बात की जांच में शामिल किया जाना चाहिए कि क्या डीआई को गंभीर नुकसान हुआ है और क्या इस आधार पर सुरक्षा उपाय सही है। यदि नालको को शामिल नहीं किया जाता है तो क्या शेष उत्पादक डीआई की अपेक्षाओं को पूरा कर सकते हैं।
- आयातों के मध्यवर्ती रूझानों को इस बात का मूल्यांकन करने में विचार में पूरी तरह लाया जाना चाहिए कि क्या आयातों में वृद्धि विश्व व्यापार संगठन रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 2.1 की आयात में वृद्धि संबंधी अपेक्षा को पूरा करता है।
- याचिका में दिया गया आंकड़ा पर्याप्त नहीं है।
- याचिका में घरेलू उद्योग 'घरेलू उत्पाद' का प्रयोग लगातार याचिकाकर्ताओं के संदर्भ में नहीं है और यह भ्रम पैदा करता है।
- आयात बढ़ा है किन्तु डीआई का बाजार अंश बढ़े आयात के अनुपात में बढ़ा है।
- याचिकाकर्ताओं का संयुक्त बाजार अंश नालको के बाजार अंश की तुलना में वास्तव में बढ़ रहा है। आयातों के बाजार अंश के प्रतिकूल का रूझान याचिकाकर्ताओं के बाजार अंश में वृद्धि के अनुरूप प्रतीत होता है।
- कोई अप्रत्याशित परिस्थितियों नहीं।
- अन्य कारकों जो नुकसान को प्रभावित कर सकते हैं, की जांच की जानी चाहिए।
- कोई गंभीर नुकसान या गंभीर नुकसान का कोई खतरा नहीं क्योंकि पिछले वर्षों में संस्थापित क्षमता में लगातार वृद्धि हुई है।

31. रूसी संघ

विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 9.1 के प्रावधानों के अनुसार रूसी संघ से अनिर्मित एल्यूमीनियम के अभिक्षित इग्नॉट्स के आयातों पर किसी रक्षोपाय को लागू करने से रूसी संघ को बाहर रखा गया है।

32. मेक्सिको का आर्लिक मंत्रालय

विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 9.1 के प्रावधानों के अनुसार मेक्सिको से अनिर्मित एल्यूमीनियम के अभिक्षित इग्नॉट्स के आयातों पर किसी रक्षोपाय को लागू करने से मेक्सिको को बाहर रखा गया है।

33. मलेशिया का हाई कमीशन

विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 9.1 के प्रावधानों के अनुसार मलेशिया से अनिर्मित एल्यूमीनियम के अभिक्षित इग्नॉट्स के आयातों पर किसी रक्षोपाय को लागू करने से मलेशिया को बाहर रखा गया है।

34. किंगडम आफ बहरीन

विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 9.1 के प्रावधानों के अनुसार किंगडम से अनिर्मित एल्यूमीनियम के अभिक्षित इग्नॉट्स के आयातों पर किसी रक्षोपाय को लागू करने से किंगडम को बाहर रखा गया है।

35. ओमान सल्तनत

अनुरोध बहुत बाद में 2 सितम्बर, 2014 को प्राप्त हुआ और इसलिए अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा देखे जाने के लिए उपलब्ध नहीं था। तथापि, उठाए गए मुद्दों पर निम्नलिखित उपयुक्त स्थानों पर विचार किया गया है :

i डीजी को गोपनीय सूचना के संरक्षण और हितबद्ध पक्षकारों के अधिकार के बीच संतुलन स्थापित करना चाहिए ताकि उनके हित की रक्षा की जा सके।

ii याचिका एवं एनओआई में दिए गए आंकड़े में विसंगति।

iii निवेश पर रिटर्न का समुचित विश्लेषण और प्राइस अंडरकटिंग की जानी चाहिए।

iv वार्षिक आंकड़ों की क्रियाविधि पर स्पष्टीकरण दिए जाने की आवश्यकता है।

v भारत में ओमान आयातों का भारित औसत मूल्य तथा भारत में बहरीन आयातों का भारित औसत मूल्य का पिछले चार वर्षों में बढ़ता हुआ रूझान है।

vi केवल आयात की मात्रा ही संगत कारक नहीं है। इसे गंभीर नुकसान का आकलन करने मे एक निर्धारित कारक के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए आयातों में महत्वपूर्ण, तीक्ष्ण, हालिया वृद्धि के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

vii ओमान निर्यात की अपनी उच्च गुणवत्ता एवं ठोस वाणिज्यिक पद्धति के कारण भारत में आयातों का बड़ा लगभग स्थायी अंश है।

viii घरेलू उद्योग के लाभ की हानि आयातों में परिवर्तन के कारण नहीं है।

ix आयातों में परिवर्तन और कर्मचारियों की संख्या में परिवर्तन के बीच कोई संबंध नहीं है।

x आयातों एवं याचिकाकर्ताओं को कथित नुकसान के बीच कोई केजूएल लिंक नहीं है।

xi कोई जनहित नहीं।

xii एन ओ आई को अधिक स्पष्टीकरण चाहिए।

xiii डीआई के कार्यनिष्पादन में नकारात्मक परिवर्तन नुकसान के अन्य कारणों से हैं न कि पीयूसी के आयातों के कारण।

निर्यातकों की राय :

36. ईएलीपी वकीलों एवं सॉलीसिटर्स के माध्यम से मैसर्स एल्यूमीनियम बहरीन

(i) नुकसान संबंधी सूचना के संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा कोई आंकड़ा अद्यतन नहीं किया गया है। जन सुनवाई में याचिकाकर्ताओं द्वारा ही की गई प्रस्तुति उस सूचना पर निर्भर की जो वर्ष 2013-14 की अंतिम तिमाही अर्थात जनवरी, 2014 से मार्च, 2014 तक के लिए अद्यतन की गई थी।

(ii) अनंतिम निष्कर्ष जारी करने का कोई आधार नहीं क्योंकि नवीनतम अवधि के लिए आंकड़े को न तो प्रस्तुत किया गया है और न ही महानिदेशक (रक्षोपाय) द्वारा विश्लेषण किया गया है।

(xlvii) घरेलू उद्योग को उसकी खपत में कमी, कच्चे माल की लागत में कमी, मानवशक्ति लागत में कमी और मेल्टस लॉस में कमी पर ध्यान देते हुए एक विस्तृत समायोजन योजना दी गई है।

(xlviii) इस उत्पाद का एक समर्पित कस्टम क्लासीफिकेशन कोड है। इस कोड के अंतर्गत आने वाले आयात को विषय आयात के रूप में लिया जाता है। यूएई का कोई भी निर्यातक ने सहयोग नहीं किया है और संगत सूचना उपलब्ध नहीं करवाई है।

(xlix) वर्ष 2011-12 में आयात घटा है और घरेलू उद्योग के विक्रय में कमी आई है। अतएव, घरेलू उद्योग की कोई शिकायत नहीं है। वर्ष 2013-14 में घरेलू उद्योग विक्रय घटा है और आयात बढ़ा है तथा इसके कारण घरेलू उद्योग बढ़ते हुए आयात के कारण क्षति झेल रहा है।

(l) गत मात्र अनुमान है कि रक्षोपाय शुल्क के कारण मूल्य में वृद्धि हो जाएगी। घरेलू उद्योग अपनी मूल्यन नीति को जारी रखना चाहता है, जैसा कि विगत समय में किया जाता रहा है।

(li) विचाराधीन उत्पाद का आयात वास्तविक रूप से उत्पाद, घरेलू उद्योग का विक्रय और भारत में खपत के संबंध में बढ़ा है। परिमाणत: घरेलू उद्योग का बाजार अंश गिरता है। आयात से घरेलू उद्योग के बाजार अंश में कमी आई है, जिसके परिणामत: लाभ संभाव्यता और आरओआई में कमी आई है।

(lii) घरेलू उद्योग पूर्व में अपनाई गई मूल्यन नीति को ही चरमाई है। वास्तव में, घरेलू उद्योग को उस मूल्यन प्रणाली पर समझौता करने के लिए बाध्य किया गया है, जिसे घरेलू उद्योग द्वारा अपनाया गया क्योंकि विदेशी आपूर्तिकर्ता द्वारा कमतर मूल्य दिया जाता है। जब विदेशी आपूर्तिकर्ता छूट सहित मूल्य रख रहे हैं, घरेलू उद्योग अपनी पूर्व मूल्यन नीति को भी कायम नहीं रख सके।

(liii) उपभोक्ताओं ने आयात को इसलिए तरजीह दी है कि अपने आयात को घरेलू कीमतों की तुलना में और अधिक आकर्षक पाया। कम ब्याज दर पर दीर्घावधि तक उधार आयात करने के कारणों में से एक है।

(liv) याचिकाकर्ताओं ने निर्यात हेतु आयात पर रक्षोपाय शुल्क की मांग नहीं की है। साथ ही निर्यात हेतु आयात पर रक्षोपाय शुल्क किसी मामले में नहीं लगाया जाता है।

(lv) देश में उत्पाद की मांग/खपत में आयात की प्रतिशतता 29 प्रतिशत है जिसे नगण्य नहीं माना जाता है।

(lvi) भारत से इंगोट का निर्यात निम्नांकित है :

	यूनिट	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**
निर्यात (एमटी)	एमटी	133,658	118,354	74,606	221,018
घरेलू विक्रय (एमटी)	एमटी	416,993	408,225	461,509	342,800
मांग (एमटी)	एमटी	740,674	703,937	765,688	657,698
प्रवृत्ति					
निर्यात (एमटी	सूची	100	89	56	165
घरेलू विक्रय (एमटी)	सूची	100	98	111	82
मांग (एमटी)	सूची	100	95	103	89

यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग घरेलू विक्रय में कमी की समस्या से जूझ रहा है। यदि घरेलू उद्योग का लक्ष्य निर्यात है तो रक्षोपाय शुल्क लगाकर घरेलू उद्योग कोई लाभ प्राप्त नहीं करेगा।

(lvii) भारत में निर्यात भारत में आयात का परिणाम है। यदि उत्पाद का आयात घटता है, तो निर्यात स्वयं घट जाता है, यदि घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में नहीं चाहता है तो घरेलू उद्योग रक्षोपाय की मांग कर कुछ लाभ प्राप्त नहीं करेगा।

(lviii) घरेलू उद्योग की क्षति के दावे घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धी स्थिति के बावजूद है। जबकि जेएसके ने प्रतिविरोध किया है कि घरेलू उद्योग प्रतिस्पर्धी है, अन्य हितधारी पार्टियों ने प्रतिविरोध किया है कि मध्यपूर्व में लागत बहुत ही कम है (अर्थात घरेलू उद्योग प्रतिस्पर्धी है)। इनके विपरीत मतों के बावजूद, याचिकाकर्ताओं ने तथ्यात्मक सूचना दी है जो दिखलाता है कि घरेलू उद्योग के बढ़े हुए आयात के कारण वृद्धि हुई है।

VII. जांच एवं जांच परिणाम

(क) मैंने इस मामले के रिकार्ड, घरेलू उत्पादकों, प्रयोक्ताओं/आयातकों, निर्यातकों और निर्यातक राष्ट्रों द्वारा दायर प्रत्युत्तरों की सावधानीपूर्वक जांच की है। विभिन्न पक्षकारों द्वारा किए गए प्रस्तुतिकरणों तथा उनसे उत्पन्न मुद्दों का इस अंतिम जांच परिणाम में उपयुक्त स्थानों पर समाधान कर दिया गया है।

(ख) सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 8ख में आयातों पर अधिरोपित किए जाने वाले रक्षोपाय शुल्क का उल्लेख है। इसकी उपधारा (1) में प्रावधान है कि यदि किसी वस्तु का भारत में इतनी अधिक मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों के अंतर्गत आयात किया जा रहा है कि उससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई हो तो केंद्रीय सरकार उस वस्तु पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण कर सकती है।

(ग) सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 में जांच को शासित करने वाले सिद्धांतों एवं तरीकों का उल्लेख है।

(घ) यह जांच उन्हीं नियमों के अनुसार आयोजित की गई है तथा इस अधिसूचना के जरिए उसके अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित किए जा रहे हैं।

(क) जांचाधीन उत्पाद

50. वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) "अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गट्स" है। इस उत्पाद दायरे में विशिष्ट रूप से अलायड इन्गट्स तथा एल्युमिनियम के उन सभी उत्पादों को जो इन्गट रूप में नहीं है जैसे बिलेट्स, बार्स, राड्स आदि को अपवर्जित किया गया है। विचाराधीन उत्पाद ढलवा एल्युमिनियम (अनराट) का आधारभूत रूप है। इसका उत्पादन गरम द्रव धातु को एक सांचे में उड़ेलकर ठोस बनाने की प्रक्रिया द्वारा किया जाता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य इस धातु को प्रहस्तन एवं परिवहन के लिए आसान बनाना है। एल्युमिनियम इन्गट विभिन्न आकार एवं शेप में उपलब्ध हैं (एसटीडी-20 से 24 किलोग्राम ठोस इन्गट – 450 से 700 किलोग्राम)। द्रव एल्युमिनियम का उत्पादन क्रायोलाइट (एनए$_3$ एआईएफ$_6$) युक्त इलेक्ट्रोलाइट (बाथ) में घोलकर एल्युमिना (एएल$_2$ओ$_3$) के इलेक्ट्रोलाइटिक रिडक्शन द्वारा किया जाता है। इस रासायनिक अभिक्रिया को निम्नवत लिखा जा सकता है :

2एएल$_2$ओ$_3$ (प्रविलीन) 3सी(एस) 4 एआई(आई) 3 सीओ$_2$ (जी) (1)।

50.1 इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पाद करने के लिए प्रीबेक्ड प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाता है। प्रीबेक्ड प्रौद्योगिकी में प्रयोग किए जाने वाले एनोड्स को प्रीबेक्स एनोड्स के रूप में जाना जाता है जिनको पेट्रोलियम कोक, औसत तथा ब्लाक्स में ढाले गए कोलतार पिच बाइन्डर का मिश्रण करके बनाया जाता है और उन्हें लगभग 1120 डिग्री सेंटीग्रेड की पृथक एनोड बेकिंग भट्टी में बेक किया जाता है। तब लोके स्टड्स युक्त एल्युमिनियम राड को ढाला जाता है या एनोड को सपोर्ट देने के उद्देश्य से एनोड ब्लाक के टाप पर ग्रूब्स में रैम किया जाता है और इस एनोड में विद्युत धारा तब प्रवाहित की जाती है जब इसे सेल में स्थापित किया जाता है। द्रव गरम धातु का उत्पादन होने पर उसे कास्टिंग स्टेशन्स को अंतरित कर दिया जाता है।

50.2 इस विचाराधीन उत्पाद को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 76 के सीमाशुल्क उपशीर्षक संख्या 76011010 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। इसका उपयोग विद्युत उद्योग, बरतन तथा अन्य ग्राहक ड्यूरेबल्स, परिवहन, पैकेजिंग, भवन एवं निर्माण, स्टील डि-आक्सीडाइजिंग, पायरोटेक्नीक्स, बिज, फाउंडरी, कास्टिंग तथा अन्य औद्योगिक एवं इंजीनियरिंग उपकरणों में किया जाता है। तदनुसार, यह भी संधारित किया जाता है कि घरेलू रूप से उत्पादित अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गट्स जांच के अधीन आयातित उत्पाद से सभी रूपों में समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु के दायरे के अंतर्गत आते हैं और यह कि अनराट एल्युमिनियम के नाट-एलायड इन्गट्स सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 2(ड.) के आशय के अंतर्गत आयातित अनराट एल्युमिनियम के नाट-एलायड इन्गट्स वस्तु के बिल्कुल समान है।

(ख) घरेलू उद्योग :

51. सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8(ख) (6)(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नवत परिभाषित किया गया है।

"ख "घरेलू उद्योग" का आशय

(i) भारत में समान उत्पाद या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी उत्पाद के समग्र रूप से उत्पादकों; अथवा

(ii) उन उत्पादकों से होता है जिनका समान उत्पाद अथवा भारत में प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी उत्पाद का सामहिक उत्पादन भारत में उक्त वस्तु के उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है।

51.1 इस मामले में मैसर्स हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसके विनिर्माण संयंत्र रेनुकुट और हीराकुंड में हैं) मैसर्स सेसा स्टरलाइट लिमिटेड (जिसका विनिर्माण संयंत्र झारसूगुज है) और मैसर्स भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (विनिर्माण संयंत्र कोरबा में है) नामक तीन आवेदक हैं जो घरेलू उद्योग है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि इस विचाराधीन उत्पाद का उनका उत्पाद भारत में इस विचाराधीन उत्पाद के कुल उत्पादन का 71 प्रतिशत उत्पादन है। तदनुसार यह संधारित किया जाता है कि आवेदक घरेलू उत्पादक सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख(6) (ख) के अंतर्गत परिभाषित एवं अपेक्षित आशय के अंतर्गत घरेलू उद्योग हैं और वे घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

(ग) सूचना का स्रोत

52. इस विचाराधीन उत्पाद के लिए आयात आंकड़े आवेदक द्वारा यथा प्रदत्त और इस निदेशालय में प्राप्त डीजीआईएंडएस की मासिक सीडी से यथासत्यापित डीजीसीआईएंडएस से लिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2010-11 से वर्ष 2013-14 (दिसम्बर, 2013 तक) की अवधि के लिए आर्थिक पैरामीटरों से संबंधित घरेलू आंकड़ों को, यथासंभव सीमा तक घरेलू उद्योग के केंद्रीय उत्पाद कर रिकार्डों के आधार पर, आवेदकों की विनिर्माण इकाइयों का स्थल सत्यापन करके, सत्यापित किया गया है तथा क्षति विश्लेषण के लिए जांच की अवधि के लिए इस तरह सत्यापित आंकड़ों को विचारार्थ लिया गया है। वर्तमान जांच की कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त अवधि अर्थात मार्च, 2014 तक के लिए विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों के बारे में आवेदक द्वारा, विधिवत सत्यापित, यथाप्रस्तुत केंद्रीय उत्पादकर आंकड़ों पर, क्षति विश्लेषण के लिए वर्ष 2013-14 के लिए वार्षिक समेकित आंकड़ों पर पहुंचने हेतु, विचार किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों को अतिरिक्त सूचना रक्षोपाय नियमावली, 1997 के नियम 6(7) के अंतर्गत सार्वजनिक फाइल के जरिए उपलब्ध कराई गई थी। तीन वर्ष अथवा उससे अधिक समय के लिए आंकड़े घरेलू उद्योग द्वारा दिनांक 06-09-1997 के व्यापार नोटिस संख्या एसजी/टीएन/1/97 के साथ पठित रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 5(2) के अंतर्गत महानिदेशक (रक्षोपाय) द्वारा निर्धारित स्वरूप और ढंग में प्रदान कराए गए है। सत्यापन रिपोर्ट का अगोपनीय पाठ सर्व-संबंधितों की टिप्पणी के लिए सार्वजनिक फाइल में रखा गया है। एक स्वतंत्र लागत लेखाकार द्वारा विधिवत सत्यापित लागत आंकड़े तथा क्षति विश्लेषण का परिकलन याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान कराया गया है।

(घ) जांच की अवधि (पीओआई)

53. न तो सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 में और न ही सीमा शुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 में विशेष रूप से "जांच की अवधि" को अथवा रक्षोपाय जांच के लिए विचारित कम से कम अवधि को परिभाषित किया गया है। रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार जांच की अवधि का चयन करने के लिए न तो कोई सामान्य या विशिष्ट प्रावधान है और न ही कोई दिशानिर्देश है। तथापि जांच की अवधि से संबंधित मुद्दे का विस्तृत विवरण कोरिया के विरूद्ध यूएस लाइन पाइप मामले में (पैरा 7.196, 7.199 और 7.201) उल्लेख किया गया है। इस मामले में पैनल ने यह निर्धारित किया है कि आयातक देश के जांचकर्ता प्राधिकारी को "जांच की अवधि की दीर्घता" और इसके "विभंग" होने का निर्धारण करने के लिए अपने विवेक का प्रयोग करने का अधिकार है।

"हम नोट करते हैं कि इस करार में ऐसी कोई अपेक्षा नहीं है कि रक्षोपाय जांच में जांच की अवधि कितनी लंबी होनी चाहिए, और न ही यह उल्लेख है कि विश्लेषण के प्रयोजनार्थ भंग की अवधि क्या होनी चाहिए। इस प्रकार जांच की अवधि और इसके भंग होने की अवधि जांचकर्ता प्राधिकारियों के विवेक पर छोड़ दी गई है। हमारे समक्ष उपस्थित मामले में आईटीसी द्वारा चीन की गई अवधि पांच वर्ष और छह माह थी, यह अवधि अर्जेन्टीना फुटवीयर रक्षोपाय में अर्जेन्टीना की जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रयोग की गई जांच की अवधि के समकक्ष है। तथापि, हम नोट करते हैं कि अपीलीय निकाय ने अपने जांच परिणाम में जांच की अवधि की लंबाई के संबंध में तर्क देने के लिए कोरिया पर भरोसा किया है, उसमें न केवल अवधि की लंबाई पर बल दिया गया है परंतु अभिनव आयातों पर फोकस होना चाहिए और न कि जांच की गई अवधि पर। लाइन पाइप जांच में आईटीसी ने न केवल अंतिम बिन्दु की तुलना में या जांच की अवधि की समग्र प्रवृत्ति की जांच की (जैसा कि अर्जेन्टीना ने अर्जेन्टीना फुटवीयर रक्षोपाय में जांच के लिए किया था)। इसने पूरे 5 वर्षों के लिए वर्ष-दर-वर्ष आधार पर आयातों से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण किया और यह भी विचार किया कि क्या अंतरिम 1998 की तुलना में अंतरिम 1999 में वृद्धि हुई थी। हमारा विचार है कि एक ऐसी अवधि का चयन करके जो 5 वर्ष छह माह की थी आईटीसी ने अनुच्छेद XIX और अनुच्छेद 2.1 से असंगत कार्य नहीं किया। यह निष्कर्ष निम्नलिखित विचारों पर आधारित है : प्रथम करार में ऐसा कोई विशिष्ट नियम नहीं है जिसमें जांच की अवधि की लंबाई बताई गई हों; द्वितीय, आईटीसी द्वारा चयनित अवधि अभिनव आयातों पर प्रकाश डालती है; और तृतीय, आईटीसी द्वारा चयनित अवधि, संवर्धित आयातों की मौजूदगी के संबंध में निष्कर्ष निकालने के लिए पर्याप्त दीर्घ है।" (पैरा 7.196, 7.199 और 7.201)।

53.1 पैनल ने उसी यूएस-लाइन पाइप मामले में यह निर्धारित किया कि :

"किसी रक्षोपाय जांच में संवर्धित आयात प्रवृत्ति की जांच करने के लिए जांच की अवधि वहीं होनी चाहिए जो घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति की जांच के लिए है। यह स्थिति किसी पाटनरोधी या प्रतिवलनकारी शुल्क की जांच के विपरीत है जहां पाटन या सब्सिडीकरण की ध्वनि किसी वास्तविक क्षति जांच करने के लिए सामान्यत: माफी कम पड़ जाती है। हमारा विचार है कि इस अंतर के पीछे के कारणों में से एक कारण यह है कि अर्जेन्टीना फुटवियर मामले में अपीलीय निकाय द्वारा यह पाया गया कि "यह निर्धारण कि क्या आयातों का "इतनी अधिक मात्रा में होने" की जरूरत पूरी हो जाती है यह केवल गणितीय या तकनीकी निर्धारण द्वारा पूरी नहीं होती है। "अपीलीय निकाय ने यह नोट किया कि जहां संवर्धित आयातों का निर्धारण करने का मामला आता है वहां "सक्षम प्राधिकारियों को जांच की अवधि के दौरान आयातों की प्रवृत्ति की जांच करना अपेक्षित होता है। आयातों की प्रवृत्ति का मूल्यांकन, घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति का निर्धारण करने के लिए संगत कारकों की प्रवृत्ति के मूल्यांकन के साथ केवल एक निश्चित अवधि के लिए किया जा सकता है। इसलिए हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि क्षति निर्धारण के लिए संगत अवधि के संबंध में जो विचार अपीलीय निकाय द्वारा व्यक्त किए गए हैं वहीं विचार संवर्धित आयातों का निर्धारण करने पर भी लागू होंगे (पैरा 7.209)

53.2 उपर्युकत से यह स्पष्ट है कि न तो रक्षोपाय संबंधी घरेलू विधि, न ही रक्षोपाय संबंधी करार और न ही गाट के अनुच्छेद-XIX में जांच की अवधि के संबंध में कोई विशिष्ट प्रावधान किए गए है। तथापि, ऊपर उदधृत संदर्भों की भावना के अनुकूल ऐसा प्रतीत होता है कि संगत जांच अवधि पर्याप्त रूप से इतनी लंबी हो कि उससे संवर्धित आयातें एवं गंभीर क्षति के संबंध में निष्कर्ष निकाला जा सके और यह अभिनव विगत में ही समाप्त नहीं होना चाहिए बल्कि जांच की अवधि अभिनव विगत की होनी चाहिए।

53.3 इस तथ्य पर विचार करते हुए कि चयनित अवधि पर्याप्त रूप से इतनी लंबी होनी चाहिए कि उससे संवर्धित मामलों की मौजूदगी के संबंध में निष्कर्ष निकाला जा सके और सीजनल वैरिएशन्स के प्रभाव को निष्क्रिय करने के लिए वित्तीय वर्ष 2010-11 से वर्ष 2013-14 तक के वर्ष-दर-वर्ष लिए गए आंकड़ों पर विचार किया गया है। जांच शुरूआत के नोटिस में दिसम्बर, 2013 तक के आयात आंकड़ों पर वार्षिकीकृत के रूप में विचार किया गया है। अब इन आयात आंकड़ों को मार्च, 2014 तक अद्यतन कर दिया गया है। घरेलू आंकड़ों को सत्यापित केंद्रीय उत्पाद कर रिकार्ड के अनुरूप लिया गया है और घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े वर्ष 2013-14 तक विधिवत सत्यापित हैं। इसलिए, इन तथ्यों तथा ऊपर उल्लिखित सूचना के स्रोत पर विचार करते हुए वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ वर्ष 2010-11 से वर्ष 2013-14 तक, जिसे इस मामले में जांच की अवधि (एतद्पश्चात जांच की अवधि के रूप में उल्लिखित) के लिए आंकड़ों को अपनाना समुचित प्रतीत होता है।

(ड). प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता

54. रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 3.2 तथा सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली,1997 के नियम 7 में कतिपय सूचना को गोपनीय मानने का प्रावधान है। नियम में प्रावधान है कि किसी हितबद्ध पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन वास्तविक आधार पर करना अपेक्षित नहीं है जो कंपनी की गोपनीय सूचना हो और जिसका प्रकटन करने उक्त पक्षकार के व्यापारिक हितों को गंभीर क्षति पहुंचने की पूर्वावधारणा हो, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हो और जिसका याचिकाकर्ता ने विगत में कभी भी सार्वजनिक रूप से प्रकटन न किया हो।

54.1. घरेलू उद्योग ने कुछ सूचना गोपनीय आधार पर प्रदान कराई है और प्रस्तु सूचना/आंकड़ों की गोपनीयता का दावा किया है। घरेलू उद्योग ने रक्षोपाय नियमावली, 1997 तथा दिनांक 06.09.1997 के व्यापार नोटिस संख्या एसजी/टीएन/1/97 के प्रावधानों के अनुसार आवेदनपत्र का अगोपनीय पाठ प्रदान किया।

54.2 इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग ने आवेदन दायर करते समय गोपनीयता की मांग करने वाले कारणों का भी उल्लेख किया है जो तर्कसंगत प्रतीत होता है तथा उसे स्वीकार कर लिया है।

(च) संवर्धित आयात :

55. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 8ख रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने की केंद्रीय सरकार के अधिकारों का उल्लेख करता है और इस संबंध में निम्नलिखित प्रावधान करता है :

"(1) यदि केंद्रीय सरकार, ऐसी जांच जिसे वह उचित समझे करने के पश्चात इस तथ्य से संतुष्ट है कि किसी वस्तु का भारत में इतनी अधिक संवर्धित मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों में आयात किया जा रहा है जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई हो तो यह सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उस वस्तु पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित कर सकती है।"

55.1 नियम में यह अधिदेशित है कि रक्षोपाय शुल्क का अनुप्रयोग करने के लिए संवर्धित आयात एक आधारभूत पूर्वापेक्षा है। अत:, यह निर्धारित करने के लिए संवर्धित शुल्क का अनुप्रयोग करने के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद के आयातों में "इतनी अधिक मात्रा में वृद्धि हुई है" कि जिससे नियमों के अंतर्गत इन संवर्धित आयातों का विश्लेषण, घरेलू उत्पादों के संगत रूप में और समग्र रूप में करना आवश्यक हो गया है।

55.2 सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 2 में "संवर्धित मात्रा" की निम्नलिखित परिभाषा दी गई है :

"(ग) संवर्धित मात्रा में आयातों में वृद्धि उत्पादन के समग्र या रूप में होना शामिल है।"

55.3 आयातों में वृद्धि की प्रकृति के संबंध में पैनल के विरूद्ध अर्जेन्टीना फुटवीय (ईसी) में अपीलीय निकाय ने धारित किया है कि आयात अभिनव, अचानक, तीव्र एवं इतनी अधिक मात्रा में होने चाहिए कि उनसे गंभीर क्षति हुई हो या वे गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न कर रहे हो। उससे संगत उदधरण निम्नलिखित है :

"131. यह निर्धारण कि क्या 'इतनी अधिक संवर्धित मात्रा में" आयातों की जरूरत को पूरा किया गया है, यह निर्धारण मात्र गणितीय या तकनीकी निर्धारण नहीं होना चाहिए। दूसरे शब्दों में किसी जांच के लिए साधारणत: यह प्रदर्शित करना ही पर्याप्त नहीं होगा कि इस उत्पाद के इस वर्ष आयात पिछले वर्ष या पांच वर्ष पहले हुए आयातों से अधिक हुए है। पुन: और यह पुनरावृत्ति प्रतीत होती है कि आयातों की कोई संवर्धित मात्रा पर्याप्त नहीं आयातों में इतनी संवर्धित मात्रा में" वृद्धि होनी चाहिए कि उससे रक्षोपाय शुल्क का अनुप्रयोग करने के लिए अपेक्षित यह जरूरत नहीं हो रही हो कि उससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई है। और यह भाषा गाट 1994 के अनुच्छेद XIX:1 (क) तथा रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 2.1 दोनों में, हमारा विश्वास है कि यह अपेक्षा करती है कि आयातों में यह वृद्धि परिमाणात्मक ओर गुणात्मक दोनों

रूपों में पर्याप्त अभिनव, पर्याप्त अचानक, पर्याप्त तीव्र और पर्याप्त भारी मात्रा में होनी चाहिए जिससे कि "गंभीर क्षति" कारित हो सके अथवा गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो सके।"

55.4 यूएस-व्हीट ग्लुटेन 4, में पैनल ने पदबंध "इतनी संवर्धित मात्रा में" का निर्वचन निम्नवत किया है।

"8.31 गाट 1994 का अनुच्छेद XIX:1(क) तथा रक्षोपाय संबंधी करार ("एसए") के अनुच्छेद 2.1 में आयातों में केवल "वृद्धि" का ही उल्लेख नहीं है। परंतु उनमें विचाराधीन उत्पाद के आयातों में "वृद्धि" की गुणात्मक एवं परिमाणात्मक प्रकृति के बारे में विशिष्ट अपेक्षाओं का उल्लेख है। गाट 1994 का अनुच्छेद XIX:1(क) तथा एसए के अनुच्छेद 2.1 यह अपेक्षा करते हैं कि संवर्धित सदस्य के भू-भाग में इस उत्पाद का आयात इतनी अधिक संवर्धित मात्रा (घरेलू उत्पादन के संगत अथवा समग्र रूप में) में किया गया हो कि उनसे गंभीर क्षति कारित हुई हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई हो। इस प्रकार, आयातों में कोई भी वृद्धि पर्याप्त नहीं होगी। बल्कि, हम अर्जेन्टीना फुटवीयर रक्षोपाय में अपीलीय निकाय के इस जांच परिणाम से सहमत हैं कि यह वृद्धि गुणात्मक एवं परिमाणात्मक दोनों रूपों में पर्याप्तत: अभिनव, अचानक, तीव्र एवं इतनी अधिक होनी चाहिए कि उससे गंभीर क्षति हुई हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई हो।"

55.5 इस विचाराधीन उत्पाद के संवर्धित आयातों का विश्लेषण उपर्युक्त घरेलू विधि के आलोक में तथा डब्ल्यूटीओ मंच द्वारा बनाई गई अंतर्राष्ट्रीय विधि का मूल्यांकन करके आयोजित किया गया है। इस विचाराधीन उत्पाद के भारत में आयातों में समग्र एवं संगत रूप से तीव्र वृद्धि प्रदर्शित की है।

ख. उत्पादन के संबंध में संवर्धित आयात

56. इस विचाराधीन उत्पाद से संवधित वर्ष 2010-11 से 2013-14 तक के आंकड़े निम्नलिखित है :

वित्त वर्ष	*कुल आयात (एमटी)*
2010-11	100312
2011-12	92184
2012-13	154449
2013-14	192766

उपर्युक्त तालिका से यह स्पष्ट होता है कि आधार वर्ष एवं अपांतिम वर्ष दोनों की तुलना में वर्ष 2013-14 में आयातों में समग्र रूप से वृद्धि हुई है। आयात जो वर्ष 2010-11 में 100312 एमटी थे तीव्रता के साथ बढ़कर वर्ष 2013-14 में 192766 एमटी हो गए, जो 92 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करता है। वर्ष 2011-12 में कुछ गिरावट आई परंतु वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2013-14 में फिर तीव्र वृद्धि हो गई। तथापि, यदि यह निष्कर्ष न भी निकाला जा सके कि संपूर्ण जांच की अवधि में आयातों में निरंतर वृद्धि हुई है, परंतु यह वृद्धि अत्यधिक तीव्र एवं भारी वृद्धि है और इसलिए ऐसा संधारित किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान "अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इनगट्स के आयातों में समग्र रूप से वृद्धि हुई है।

57. इस विचाराधीन उत्पाद के जांच की अवधि के दौरान आयातों में आधार वर्ष तथा विगत वर्ष के साथ तुलना करने पर भी घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में वृद्धि हुई है। अधोलिखित तालिका से यह देखा जाता है कि कुल उत्पादन की तुलना में आयात जो वर्ष 2010-11 में 12 प्रतिशत था, बढ़कर वर्ष 2013-14 में 25 प्रतिशत हो गया, जो भारी वृद्धि है। वर्ष 2011-12 में आयातों में कुछ कमी आई परंतु वर्ष 2010-11 की तुलना में वर्ष 2013-14 में आयातों में भारी वृद्धि हुई। तथापि, यदि यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि संपूर्ण जांच की अवधि के दौरान आयातों में निरंतर वृद्धि हुई है तथापि यह नोट किया जाता है कि जांच की अवधि के दौरान आयातों में यह वृद्धि बहुत अधिक थी।

वित्तीय वर्ष	*कुल आयात (एमटी)*	*अखिल भारतीय उत्पादन (एमटी)*	*उत्पादन के संबंध में आयातों का प्रतिशत*
2010-11	100312	871492	12
2011-12	92184	826000	11
2012-13	154449	831405	19
2013-14	192766	785317	25

57.1 उपर्युक्त दोनों तालिकाओं से यह स्पष्ट है कि जांच की अवधि के दौरान आयातों में घरेलू उद्योग के उत्पादन के संबंध में तथा समग्र रूप से भारी वृद्धि हुई है। वर्ष 2012-13 में हुए आयातों की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान हुए आयातों में अचानक तीव्र, अभिनव एवं बहुत अधिक वृद्धि जिसे सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख के आशय के अंतर्गत "संवर्धित आयात" कहा जा सकता है।

(छ). गंभीर क्षति एवं गंभीर क्षति की चुनौती

58. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 8ख की उपधारा 6(ग) में निम्नलिखित प्रावधान है :

"गंभीर क्षति" से आशय उस क्षति से है जिससे घरेलू उद्योग का समग्र ह्रास हुआ हो";

59. *"गंभीर क्षति की चुनौती" से आशय गंभीर क्षति का स्पष्ट एवं आसन्न खतरे से है।"*

60. सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 8 के अनुबंध के पैराग्राफ 1 में निम्नलिखित प्रावधान है :

"यह निर्धारण करने में कि क्या संवर्धित आयातों ने घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति कारित की है अथवा गंभीर क्षति कारित करने की चुनौती उत्पन्न कर दी है तो महानिदेशक उन सभी संगत कारकों का उद्देश्यपरक एवं परिभाषात्मक प्रकृति का मूल्यांकन करेंगे जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो, इनमें संवर्धित वस्तु के आयातों में संगत एवं समग्र रूप से तीव्र की दर एवं राशि, संवर्धित आयातों द्वारा घरेलू बाजार पर किए गए कब्जे की हिस्सेदारी, बिक्री के स्तर में परिवर्तन, उत्पादन, उत्पादकता क्षमता आयोग, लाभ एवं हानि तथा रोजगार शामिल है।

61. सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 8 के अनुबंध तथा रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 4.2(क) में यह अपेक्षा की जाती है कि गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का निर्धारण करने के लिए कतिपय सूचीबद्ध कारकों तथा अन्य संगत कारकों की जांच की जानी चाहिए। तथापि, इन प्रावधानों में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस मूल्यांकन से क्या प्रदर्शित होना चाहिए। इस तरह का कोई भी मूल्यांकन विभिन्न उद्योगों के लिए किसी विशिष्ट मामले के तथ्यों के तथा संबंधित उद्योग की परिस्थिति के आधार पर भिन्न-भिन्न मामलों में भिन्न-भिन्न होगा। प्रत्येक सूचीबद्ध कारक का मूल्यांकन अनिवार्यत: यह प्रदर्शित नहीं करेगा कि ऐसे प्रत्येक कारक में "गिरावट" आ रही है।

62. उदाहरण के लिए एक मामले में बिक्री, रोजगार और उत्पादकता में भारी गिरावट आई हो जो घरेलू उद्योग को "गंभीर क्षति" प्रदर्शित करता हो। वहीं अन्य मामले में हो सकता है कि कतिपय कारकों में गिरावट न आ रही हो परंत, ऐसा होते हुए भी समग्र स्थिति घरेलू उद्योग को "गंभीर क्षति" प्रदर्शित कर रही हो।

63. अत:, सभी सूचीबद्ध कारकों तथा कतिपय अन्य संगत कारकों की तकनीकी जांच के अतिरिक्त, यह आवश्यक है कि घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन उन सभी संगत कारकों के आलोक में किया जाए जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।

64. अर्जेन्टीना फुटवीयर (ईसी) मामले में अपीलीय निकाय ने अनुच्छेद 4.1(क) में "गंभीर क्षति" की परिभाषा तथा अनुच्छेद 4.2(क) में "सभी संगत कारकों" को मूल्यांकन करने की जरूरत के बीच संबंध पर चर्चा की है :

"केवल तभी, जब किसी घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन उन सभी संगत कारकों के आलोक में किया जाए जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है, यह निर्धारित किया जा सकता है कि क्या घरेलू उद्योग की स्थिति में "भारी समग्र परिक्षयण" हुआ है। यद्यपि अनुच्छेद 4.2(क) तकनीकी रूप से यह अपेक्षा करता है कि कतिपय सूचीबद्ध कारकों का ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए और यह कि अन्य सभी संगत कारकों को मूल्यांकन किया जाना चाहिए, परंतु यह प्रावधान इस बात को स्पष्ट नहीं करता है कि इस मूल्यांकन से क्या प्रदर्शित होना चाहिए। स्पष्टत: इस तरह का मूल्यांकन, किसी विशिष्ट मामले के तथ्यों के आधार पर तथा संबंधित उद्योग की स्थिति के आधार पर भिन्न-भिन्न होगा। प्रत्येक सूचीबद्ध कारक का मूल्यांकन अनिवार्यत: यह प्रदर्शित नहीं करेगा कि ऐसे प्रत्येक कारक में "गिरावट" आ रही है। उदाहरण के लिए एक मामले में बिक्री, रोजगार और उत्पादकता में भारी गिरावट हो सकती है जो यह प्रदर्शित करे कि उद्योग की स्थिति में "भारी समग्र परिक्षयण" हुआ है, और इसलिए गंभीर क्षति की जांच में न्यायोचित ठहरा सकती है। दूसरे मामले में कतिपय कारकों में, हो सकता है कि गिरावट न हो रही हो परंतु, ऐसा होते हुए भी, उद्योग की समग्र स्थिति "भारी समग्र अवक्षयण" को प्रदर्शित करती हो। अत: इस तथ्य की तकनीकी जांच करने के अलावा कि क्या सक्षम प्राधिकारियों ने किसी विशिष्ट मामले में सभी सूची कारकों तथा अन्य संगत कारकों का मूल्यांकन किया है, हमारा विश्वास है कि पैनल "गंभीर क्षति" का निर्धारण करने की अपनी समीक्षा में रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 4.1(क) में उल्लिखित "गंभीर क्षति" की परिभाषा को ध्यान में रखेंगे।"

65. यूएस – व्हीट ग्लेटन संबंधी पैनल ने, अपीलीय निकाय द्वारा समर्थित निष्कर्ष में, वाक्यांश "गंभीर क्षति" की परिभाषा को ध्यान में रखेंगे।

"इस तथ्य का निर्धारण कि ऐसे "भारी समग्र परिक्षण" की स्थिति की अवस्थिति का निर्धारण घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का, उस उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले उन सभी संगत कारकों के आलोक में मूल्यांकन के आधार पर किया जा सकता है।

हम यह विचार नहीं करते हैं कि किसी उद्योग के लिए भारी समग्र परिक्षयण की स्थिति के लिए यह आवश्यक है कि जांच किए गए प्रत्येक एकल कारक में ऋणात्मक प्रवृत्ति हो। बल्कि, ऐसा प्रवृत्तियों की संपूर्णता में और उनकी अन्योन्यक्रिया में होना चाहिए। जिस पर गंभीर क्षति का निर्धारण करते समय ध्यान रखना चाहिए। अत: कई कारकों में इस तरह के अपटर्न अनिवार्यत: गंभीर क्षति के निर्धारण को प्रतिवारित नहीं करेंगे। यह जांचकर्ता प्राधिकारियों पर निर्भर है कि वे उनके समक्ष उपस्थित साक्ष्य

का आकलन एवं उसका मूल्यांकन को और इस तथ्य का एक तर्कसंगत एवं युक्तिसंगत स्पष्टीकरण दें कि तथ्यों से उनके निर्धारण का समर्थन कैसे होता है।"

66. तदनुसार, गंभीर क्षति या गंभीर क्षति का विश्लेषण करते समय वह सभी कारक जिनका नियमों में उल्लेख किया गया है तथा उन अन्य सभी संगत कारकों पर विचार किया गया है जो गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का निर्धारण करने के लिए संगत हो। किसी भी एक कारक पर डिस्पोजिटिव के रूप में विचार नहीं किया गया है। संगत व्यवसाय चक्र के संदर्भ के अंतर्गत सभी संगत कारकों एवं स्थितियों, जो प्रभावित उद्योग से संगत हैं, पर विचार उत्पादकों तथा विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए सभी प्रस्तुतिकरणों पर विचार किया गया है। गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का निर्धारण, घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले उन सभी संगत कारकों के आलोक में, घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन करने के आधार पर किया गया है।

67. अब क्या अनहाट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गट्स के संवर्धित आयातों द्वारा अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गट्स के घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति कारित की जा रही है या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न की जा रही है, का विश्लेषण कई सूचीबद्ध एवं प्रयोजनात्मक एवं परिमाणात्मक अन्य संगत कारकों के आधार पर निम्नवत की जाती है :

(i) घरेलू मांग में बाजार हिस्सा : अधोलिखित तालिका से यह देखा जाता है कि जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक निरंतर बढ़ने के पश्चात वर्ष 2013-14 में कम हो गया है। घरेलू उद्योग का वर्ष 2010-11 में 56 प्रतिशत बाजार हिस्सा था जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 60 प्रतिशत हो गया परंतु इसमें 2013-14 में गिरावट आई और यह घटकर 52 प्रतिशत रह गया जो आधार वर्ष की तुलना में भी कम है। जबकि आयातों का बाजार हिस्सा वर्ष 2010-11 में 14 प्रतिशत था जो वर्ष 2011-12 में मामूली सी गिरावट के बाद वर्ष 2013-14 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गया।

वित्तीय वर्ष	***कुल आयात (एमटी)***	***घरेलू उद्योग की बिक्री (एमटी)***	***कुल मांग (एमटी)***	***बाजार हिस्सा (%)***	
				घरेलू उद्योग	*आयात*
2010-11	100312	416993	740674	56	14
2011-12	92184	408225	703937	58	13
2012- 13	154449	461509	765688	60	20
2013-14	192766	342800	657698	52	29

कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2013-14 में इस विचाराधीन उत्पाद का भारी मात्रा में निर्यात करने को अधिमानता दी और इसलिए स्थानीय बाजार में उनका हिस्सा कम हो गया। इस संबंध में घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि उन्होंने विचाराधीन उत्पाद का निर्यात करने को अधिमानता नहीं दी है परंतु उन्होंने यह निर्यात मजबूरी में किया है क्योंकि वे सस्ते आयातों की बाढ़ के कारण विचाराधीन उत्पाद की बिक्री घरेलू बाजार में करने में सक्षम नहीं थे। उपर्युक्त प्रसतुतिकरणों पर ध्यान दिए बिना तथ्य यह है कि घरेलू उद्योग का घरेलू बाजार में हिस्सा कम हुआ है।

(ii) उत्पादन : अधोलिखित तालिका से यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग का उत्पादन जो वर्ष 2010-11 में 552864 एमटी था वर्ष 2013-14 में मामूली सा बढ़कर वर्ष 2013-14 में 565272 एमटी हो गया। यह मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि है। घरेलू उद्योग का उत्पादन वर्ष 2010-11 की तुलना में वर्ष 2011-12 में मामूली सा घटकर उसमें वर्ष 2013-14 तक वृद्धि हुई है, परंतु यह वृद्धि बहुत अधिक नहीं है।

वर्ष	***अनराट एल्युमिनियम के नाट अलायड इन्गट्स का उत्पादन (एमटी)***
2010-11	552864
2011-12	527571
2012-13	538657
2013-14	565272

कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग ने वर्षों से अपने अनुप्रवाही सामान जैसे वायर राड्स, रोल्ड उत्पाद, फ्वायल्स अलाय इन्गट्स आदि का उत्पादन करने पर अधिकतम अधिमानता दी है और बची खुची एल्युमिना का उपयोग इस विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण करने के लिए किया गया। यह पुन: उल्लेख किया गया कि संवर्धित आयात क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं हैं परंतु विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण कम करने के उनके विकल्प के कारण हुआ है। तथापि, इस तर्क के साक्ष्य के रूप में रिकार्ड में कोई भी निश्चायक सामग्री उपलब्ध नहीं है। यह माना जा सकता है कि घरेलू उद्योग के पास इन्गट्स तथा अन्य अनुप्रवाही उत्पादों जैसे वायर राड्स फ्वाइल्स आदि का का विनिर्माण करने की क्षमता है। घरेलू उद्योग समर्पित भाव से इन्गट्स का विनिर्माण नहीं करता है। हर हाल में, इस संबंध में तथ्यों का सत्यापन करने की जरूरत महसूस नहीं होती है। यह माना गया कि घरेलू उद्योग के संरक्षण में इस विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

(iii) क्षमता उपयोग : अधोलिखित तालिका से ऐसा प्रतीत होता है कि यद्यपि संपूर्ण जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की संस्थापित क्षमता में मामूली सी वृद्धि हुई है अर्थात वर्ष 2010-11 में 1263500 एमटी से बढ़कर वर्ष 2013-14 में 1280263 एमटी लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्षमता उपयोग आधार वर्ष 2010-11 की तुलना में वर्ष 2012-14 में समान स्तर पर अर्थात 44 प्रतिशत बना रहा परंतु इसमें पिछले वर्ष अर्थात वर्ष 2012-13 की तुलना में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष	***संस्थापित क्षमता (एमटी)***	***संस्थापित क्षमता* (%) (*अनराट इन्गट्स*)**
2010-11	1263500	44
2011-12	1269500	42
2012-13	1269900	42
2013-14	1280263	44

इसके अतिरिक्त, जांच की अवधि के दौरान संयंत्र क्षमता में निरंतर वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 के दौरान संयंत्र क्षमता 109 प्रतिशत थी।

(iv) बिक्री के स्तर में परिवर्तन : अधोलिखित तालिका से यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री वर्ष 2010-11 में 416993 एमटी से बढ़कर वर्ष 2012-13 में 461509 एमटी हो गई, परंतु तत्पश्चात इसमें लगभग 26 प्रतिशत की गिरावट आई और वर्ष 2013-14 में यह 342800 एमटी हो गया जो आधार वर्ष के स्तर से भी कम है।

वित्तीय वर्ष	***घरेलू उद्योग की बिक्री (एमटी)***
2010-11	416993
2011-12	408225
2012- 13	461509
2013-14	342800

कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह प्रस्तुत किया है कि इस विचाराधीन उत्पाद की घरेलू बाजार में बिक्री मात्रा कम हुई है क्योंकि घरेलू उद्योग ने इस विचाराधीन उत्पाद का भारी मात्रा में निर्यात किया है। यह प्रस्तुतिकरण तथ्यात्मक रूप से सही है क्योंकि यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2012-13 में किए गए निर्यात की मात्रा की तुलना में वर्ष 2013-14 में तीन गुणा अधिक निर्यात किया है।

(v) रोजगार : जांच की संपूर्ण अवधि के दौरान रोजगार में गिरावट की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है जबकि कर्मचारियों की संख्या वर्ष 2010-11 में 17109 थी, घटकर वर्ष 2013-14 में 15944 रह गई।

वित्तीय वर्ष	**वर्ष के समाप्ति पर रोजगार (संख्या)**
2010-11	17109
2011-12	16854
2012- 13	16053
2013-14	15944

(vi) उत्पादकता : जैसा कि अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग की प्रतिदिन उत्पादकता आधार वर्ष 2010-11 में 100 की तुलना में बढ़कर वर्ष 2013-14 में 102 अनुक्रमित बिन्दु हो गई, जो आधार वर्ष की तुलना में बहुत मामूली सी वृद्धि है परंतु यह वर्ष 2011-12 की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित करती है।

वर्ष	*उत्पादकता प्रतिदिन (उत्पादन/350) एमटी प्रतिदिन (अनुक्रमित)*
2010-11	100
2011-12	95
2012-13	97
2013-14	102

(vii) लाभ एवं हानि : जैसाकि अधोलिखित तालिका से स्पष्ट है जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता निम्नलिखित रही है :

वित्तीय वर्ष	*लाभप्रदता (लाख रुपए) (अनुक्रमित)*
2010-11	100
2011-12	38
2012-13	(30)
2013-14	37

लाभ हानि के संबंध में मैंने यह पाया है कि जांच शुरूआत की अधिसूचना जारी करते समय दिसम्बर, 2013 तक के आंकड़े लिए गए थे जिनमें घरेलू उद्योग को क्षति दर्शायी गई थी। तथापि, जांच की अवधि के पश्चात की सुनवाई के दौरान जब आंकड़ों को अद्यतन किया गया तब घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में प्रत्यक्षत: सुधार हुआ और इसने वर्ष 2012-13 में कुछ घाटे में रहने के पश्चात वर्ष 2013-14 इसे फिर लाभ होने लगा और यह लाभ वर्ष 2013-14 की तीसरी तिमाही तक बना रहा। यद्यपि यह लाभप्रदता आधार वर्ष 2010-11 की तुलना में बहुत कम है परंतु उससे सर्वाधिक अभिनव अवधि में घरेलू उद्योग की सुधरी हुई स्थिति स्पष्ट होती है। घरेलू उद्योग ने अपने दिनांक 24.09.2014 के पत्र (जिसमें गोपनीय आंकड़े संलग्न थे) में यह स्पष्ट करने का प्रयास किया कि लाभ की यह भारी मात्रा घरेलू उद्योग के एक संघटक द्वारा ब्याज की लागत का पुनर्समायोजन करने के कारण उपचित हुआ है और न कि व्यापारिक क्रियाकलापों के कारण। यह सही हो सकती है परंतु मैं यह पाती हूं कि ब्याज की लागत का समायोजन करने के बावजूद घरेलू उद्योग भारी लाभ में चल रहा है जैसा कि अधोलिखित तालिका से स्पष्ट है, हालांकि लाभ में आधार वर्ष में हुए लाभ की तुलना में कमी आई है परंतु विगत वर्ष से इसकी तुलना करने पर इसमें वृद्धि हुई है।

घरेलू उद्योग	***यूनिट***	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**
दोनों वर्ष ब्याज प्रभारित न करने पर लाभ *(2012-13* और *2013-14)*	**(*रुपए/ लाख*)**	100	54	28	41
दोनों वर्ष *(2012-13* और *2013-14)* में ब्याज प्रभारित किए जाने पर लाभ	**(*रुपए/ लाख*)**	100	54	-25	13

अन्य महत्वपूर्ण कारक :

68. **निर्यात :** अधोलिखित तालिका से यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग के निर्यात, आधार वर्ष अर्थात 2010-11 से 2012-12 तक गिरावट की प्रवृत्ति प्रदर्शित करने के पश्चात आधार वर्ष 2010-11 और विगत वर्ष से वर्ष 2013-14 में भारी वृद्धि हुई है।

वित्तीय वर्ष	*घरेलू उद्योग का निर्यात (एमटी)*
2010-11	133658
2011-12	118354
2012- 13	74606
2013-14	221018

69. **मालसूची :** जैसाकि अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है, मालसूची वर्ष 2010-11 में 149 एमटी थी, कम होकर वर्ष 2013-14 में 65 एमटी रह गई, जो घरेलू उद्योग के उत्पादन एवं बिक्री के आंकड़ों को देखते हुए एक अति महत्वपूर्ण मात्रा है।

वित्तीय वर्ष	*घरेलू उद्योग की मालसूची (एमटी)*
2010-11	149
2011-12	37
2012- 13	41
2013-14	65

70. कीमत अधोरदन और कीमत निग्रहण/अवमंदन

घरेलू उद्योग ने स्वतंत्र लागत लेखाकारों द्वारा विधिवत सत्यापित लागत आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत आयातित उत्पाद के उतराई मूल्य से अधिक है। घरेलू उद्योग ने अपने आकलन में यह सुनिश्चय किया है कि आयातों का उतराई मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है परंतु उनके द्वारा प्रदान कराई गई सूचना उनके दावे को समर्थित नहीं करती है क्योंकि बिक्री की लागत उतराई मूल्य तथा घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। यह नोटिस किया जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत तथा आयातित उत्पादों के उतराई मूल्य के बीच कीमत अधोरदन बिल्कुल अमहत्वपूर्ण तथा नगण्य है जैसाकि अधोलिखित तालिका से स्पष्ट है और ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी ओर से घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति की कोई चुनौती नहीं है।

विवरण *(घरेलू उद्योग की बिक्री लागत के संबंध में अनुक्रमित)*	**2010-11** ***(अनुक्रमित)***	**2011-12** ***(अनुक्रमित)***	**2012-13** ***(अनुक्रमित)***	**2012-13** ***(अनुक्रमित)***
बिक्री लागत (रुपए/एमटी)	100	117	124	125
उतराई मूल्य (रुपए/एमटी)	110	120	125	127
बिक्री कीमत (रुपए/एमटी)	110	119	125	129
कीमत अधोरदन (रुपए/एमटी)	0	-1	0	2

गंभीर क्षति अथवा गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न करने वाले अन्य कारण :

71. **खपत की प्रणाली में परिवर्तन :** घरेलू उद्योग द्वारा यह दावा किया गया है कि विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत की प्रणाली में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने खपत के प्रतिमान में परिवर्तन का कोई तर्क नहीं दिया है और इसलिए रिकार्ड यह नहीं दर्शाता है कि जहां तक भारतीय बाजार का संबंध है खपत के चूंकि प्रतिमान में कोई परिवर्तन हुआ है। चूंकि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू उद्योग के दावे का विरोध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है, इसलिए उसे स्वीकार कर लिया गया।

72. **व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाएं और विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा :** रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाओं तथा विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा ने घरेलू उद्योग की क्षति में योगदान दिया है।

73. **प्रौद्योगिकी विकास :** आवेदक ने दावा किया है कि इस उत्पाद का उत्पादन करने की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं आया है। इसका किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विरोध भी नहीं किया है। इसलिए प्रौद्योगिकी में विकास इस मामले में क्षति का एक कारक नहीं है।

74. इस प्रकार यह नोट किया जाता है कि संभावित अन्य कारकों ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित नहीं की है। ऐसा कोई अन्य कारक नहीं है जिसे कम कीमत वाले आयातों के अलावा घरेलू उद्योग की क्षति के लिए उत्तरदायी ठहराया जा सके।

गंभीर क्षति और गंभीर क्षति की चुनौती के संबंध में निष्कर्ष :

75. ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार "गंभीर क्षति" तथा "गंभीर क्षति की चुनौती" दोनों ही घरेलू विधि के अंतर्गत परिभाषित अभिव्यक्तियाँ हैं। विधि में परिभाषित गंभीर क्षति का आशय संवर्धित आयातों द्वारा कारित उद्योग की स्थिति को भारी समग्र परिक्षयण से है। अभिव्यक्ति "समग्र परिक्षयण" को "महत्वपूर्ण" शब्द द्वारा और अधिक अर्हक बनाया गया है जो परिक्षयण के कतिपय स्तर की गंभीरता को इंगित करता है। यह महानिदेशक के विवेकपूर्ण निर्णय पर छोड़ दिया गया है कि वह घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन करें और इस संबंध में अपना निर्णय लें।

75.1 मेरे विचार से ऐसा कोई सीधा फार्मूला नहीं है जिससे निष्कर्ष की युक्तिसंगतता पर पहुंचा जा सके कि "भारी समग्र परिक्षयण" क्या है। प्रत्येक मामले को विभिन्न सूचीबद्ध के साथ-साथ अन्य संगत कारकों के आधार पर विश्लेषित करना पड़ता है। घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति ऊपर यथा चर्चित सूचीबद्ध एवं अन्य महत्वपूर्ण संगत कारकों के विश्लेषण में प्रदर्शित की गई है।

75.2 उपर्युक्त विश्लेषण से मैं यह पाता हूं कि जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन, क्षमता उपयोग, उत्पादकता, लाभ और निर्यात में वृद्धि हुई है। वर्ष 2012-13 की तुलना में बिक्री में (घरेलू बाजार तथा निर्यात दोनों को मिलाकर) वर्ष 2013-14 में वृद्धि हुई है। यह कारक घरेलू उद्योग के मामले के समर्थन में नहीं है। तथापि, घरेलू बाजार में उनके हिस्से, घरेलू बिक्री में गिरावट, रोजगार में कमी उनके मामले के पक्ष में है। मैं यह भी पाता हूं कि घरेलू बाजार में उनका हिस्सा निर्यातों में भारी वृद्धि के कारण कम हुआ है, हालांकि घरेलू उद्योग ने यह तर्क दिया है कि निर्यातों में यह वृद्धि इसलिए हुई क्योंकि घरेलू ग्राहकों ने विचाराधीन उत्पाद के सस्ते आयातों के कारण उनके विचाराधीन उत्पाद की खरीद नहीं की। इसके अतिरिक्त, मालसूची की प्रमात्रा 65 एमटी है जो विचाराधीन उत्पाद के कुल उत्पादन और कुल बिक्री की तुलना पूर्णतया अमहत्वपूर्ण है, यद्यपि उसमें कुछ मामूली सी वृद्धि हुई है।

75.3 तथापि, मैं यह पाता हूं कि यह वह मामला नहीं है कि घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद की बिक्री घरेलू बाजार में लाभ में नहीं कर सकता था। विचाराधीन उत्पाद की उतराई कीमत घरेलू बाजार में विचाराधीन उत्पाद की उतराई कीमत से कम है जिससे यह सुझाव मिलता है कि कोई कीमत अधोरदन/निग्रहण नहीं हुआ। घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2013-14 में असाधारण लाभप्रद प्रवृत्ति प्रदर्शित की है। यह सुधार और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है जब उसमें वर्ष 2013-14, अर्थात तीसरी तिमाही तक, के एक बड़े भाग में क्षति की स्थिति से वर्ष 2011-12 के स्तर तक सुधर गया और वर्ष 2013-14 की चौथी तिमाही अर्थात केवल 3 महीनों की छोटी सी अवधि में प्राप्त कर लिया गया। यह आयातों में वृद्धि तथा घरेलू बिक्री में कमी के बावजूद किया गया।

75.4 जांच की अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है परंतु यह कमी बहुत महत्वपूर्ण नहीं है। तथापि, मुख्यत: उत्पादन में वृद्धि के कारण उत्पादकता में सुधार हुआ है।

76. वर्ष 2013-14, जांच की अवधि के अंतिम वर्ष, में घरेलू उद्योग के विभिन्न आर्थिक पैरामीटरों से तत्काल विगत वर्ष अर्थात 2012-13 की तुलना में भारी सुधार प्रदर्शित हुआ है। इसके अतिरिक्त, उत्पादन जैसे पैरामीटर में, वर्ष 2011-12 में थोड़ी सी कमी के बाद, सतत सुधार हुआ है, जो आयातों में वृद्धि से को-टर्मिनस भी है। यद्यपि घरेलू उद्योग की बिक्री में वर्ष 2013-14 की सर्वाधिक अभिनव अवधि में घरेलू बिक्री में गिरावट आई है, तथापि आयातों में वृद्धि हुई और घरेलू उद्योग ने भारी लाभ अर्जित किया। यह इस कारण से और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि यह निष्पादन घरेलू उद्योग द्वारा आयातों में वृद्धि होने के बावजूद प्रदर्शित किया गया है। यद्यपि ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग को आयातों में उद्रेक के कारण वर्ष 2012-13 तक क्षति हुई है परंतु इस मामले में उसे वर्ष 2013-14 के लिए सत्य नहीं कहा जा सकता है। इससे यह निष्कर्ष निकालता है कि घरेलू उद्योग को वर्ष 2013-14 में आयातों में वृद्धि के कारण गंभीर क्षति की कोई चुनौती नहीं है क्योंकि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2013-14 में भारी लाभ कमाया है और वही प्रवृत्ति जांच की अवधि के पश्चात की अवधि के लिए भी बने रहने की संभावना है।

77. इस प्रकार, मेरे विचार से इस विश्लेषण से भारी समग्र परिक्षयण का सुझाव नहीं मिलता है और इसलिए घरेलू उद्योग को न तो क्षति हुई और न ही क्षति की चुनौती उत्पन्न हुई। यह विश्लेषण यह भी सुझाव नहीं देता है कि ऐसी क्षति की कोई चुनौती भी है।

ज. अनपेक्षित विकास :

78. यह नोट किया गया है कि महानिदेशक रक्षोपाय पर कोई ऐसा अभिव्यक्त दायित्व/अपेक्षा नहीं है कि वे अनपेक्षित परिस्थितियों का विश्लेषण करें क्योंकि भारतीय विधि में ऐसी कोई क्रियापद्धति नहीं है जिसका अनपेक्षित विकास का विश्लेषण करने के लिए अनुकरण

किया जाना चाहिए अथवा रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार में क्रियाविधि के संबंध में ऐसा कोई नियम नहीं है जिसका अनुकरण किया जाना चाहिए या ऐसा कोई पैरामीटर नहीं है जिसका अनुपालन अनपेक्षित विकास का विश्लेषण करते समय किया जाना चाहिए। तथापि, गाट के अनुच्छेद--XIX के साथ पठित रक्षोपाय करार राष्ट्रीय प्राधिकारियों को यह अधिकार देता है कि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति पहुंचाने वाले अनपेक्षित विकास की जांच की जानी चाहिए। यह निदेशालय इस जांच में अनपेक्षित विकास के मुद्दे की लगातार जांच करता आ रहा है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण माना गया कि उन अनपेक्षित विकास अथवा परिस्थितियों की जांच की जाए जिनके कारण आयातों में वृद्धि हुई है। इस संबंध में मैं पाता हूं कि गाट, 94 के अनुच्छेद–XIX में प्रावधान किया गया है कि गंभीर क्षति अनपेक्षित विकास के परिणामस्वरूप होनी चाहिए।

गाट 1994 के अनुच्छेद- XIX में निम्नलिखित उल्लेख है :

1. (क) यदि अनपेक्षित विकास के परिणामस्वरूप और इस करार के अंतर्गत किसी संविदाकारी पक्षकार द्वारा प्रशुल्क रियायतों सहित सौंपे गए किसी दायित्व के प्रभावीस्वरूप उस संविदाकारी पक्षकार के भूभाग से किसी उत्पाद का आयात इतनी अधिक संवर्धित मात्रा में या ऐसी परिस्थितियों के अंतर्गत किया जाता है जिससे उस भूभाग के समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी उत्पाद के घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति कारित होती है अथवा गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो जाती है तो संविदाकारी पक्षकार ऐसे उत्पाद के संबंध में ऐसी सीमा तक अथवा ऐसे समय तक के लिए जो उस क्षति से बचने अथवा उसका उपचार करने के लिए आवश्यक हो, उस प्रतिबद्धता को समग्र रूप से या उसके किसी भाग को समाप्त करने अथवा रियायत को वापस लेने या उसमें कोई संशोधन करने के लिए स्वतंत्र होगा।"

79. अर्जेन्टीना फुटवियर (ई सी मामला) में अपीलीय निकाय ने धारित किया कि पदबंध अनपेक्षित विकास का आशय उस विकास से है जो अप्रत्याशित हो। "अनपेक्षित विकास" यह अपेक्षा करता है कि वह विकास जिसके कारण किसी उत्पाद का इतनी अधिक मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों में निर्यात किया जा रहा हो कि घरेलू उत्पादकों को अप्रत्याशित गंभीर क्षति होने लगी हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गई हो। कोरिया-डेयरी मामले में अपीलीय निकाय ने यह धारित किया कि अनपेक्षित विकास वह विकास होता है जो अनपेक्षित न हो या किसी सदस्य द्वारा कोई दायित्व लिए जाने के समय प्रत्याशित न हो।

80. आवेदक ने आयातों में वृद्धि के कई कारण दिए हैं जो उनकी समझ में इस मामले में अनपेक्षित विकास बनते हैं, उनका संक्षेप में विवरण निम्नलिखित है :

80.1 मूलत: मध्यपूर्व क्षेत्र एल्युमिनियम के लिए निवल आयातक क्षेत्र था जहां, जैसा कि इस समय है, एक निवल निर्यातक क्षेत्र था, जिसे अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है :

देश	**2010**	**2011**	**2012**	**2013**
मध्यपूर्व से आयात	1,43,022	1,81,701	15,731	3,898

80.2 मध्यपूर्व के देशों में भारी मांग आपूर्ति अंतराल (जैसा कि अधोलिखित तालिका में दर्शाया गया है) के कारण चीन जैसे देश की आयातों पर निर्भरता में कमी आई है (जो मध्यपूर्वी देशों के लिए एक लक्ष्य बाजार था)। मध्यपूर्व में विदेशी उत्पादकों की भारी क्षमता अनप्रयुक्त क्षमताएं हैं। इसके परिणामस्वरूप वे अपनी संभावना के अनुरूप अन्य बाजारों की तलाश कर रहे हैं।

(**मध्यपूर्व में मांग आपूर्ति अंतरण**) '000 **एमटी**							
वर्ष	2012	2013	2014	2015	2016	2017	2018
स्पष्ट खपत	2021	2137	2256	2429	2606	2814	2963
उत्पादन	4031	4375	5119	5518	5695	6035	6346
अंतराल	2010	2238	2863	3089	3089	3221	3383

स्रोत : सीआरयू द्वारा अंतरित

80.3 चीन एवं मध्यपूर्व के उत्पादकों द्वारा स्थापित बेशी क्षमता के कारण मांग एवं आपूर्ति में वैश्विक अंतराल की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

80.4 चूंकि विदेशी उत्पादकों को सस्ती ऊर्जा का लाभ मिला है जो मध्यपूर्व के देशों में विचाराधीन उत्पाद का बेशी उत्पादन होने के प्रमुख कारणों में से एक कारण है। इसके अतिरिक्त, भारत मध्यपूर्व के देशों के लिए एक भाड़ा हितकारी देश है और इसलिए उनके लिए भारत को अल्युमीनियम का निर्यात करना अधिक आसान एवं आर्थिक रूप से अधिक व्यवहार्य है।

81. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि :

(i) मध्यपूर्व के देशों में बेशी क्षमता : वर्ष 2012-2018 तक मध्यपूर्व में मांग आपूर्ति अंतराल द्वारा जांच की संपूर्ण अवधि के कवर नहीं किया जाता है।

(ii) इन आंकड़ों से अव्यावहारिक पूर्वापेक्षा प्राप्त होती है और यह अभिव्यक्त नहीं होता है कि भारत को आयातों में वृद्धि के लिए मध्यपूर्व में कथित बेशी क्षमता को उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

(iii) आयातों में उद्रेक के पश्चात होने वाली घटनाओं के लिए यह नहीं कहा जा सकता है कि उससे आयातों में वृद्धि हुई है। इस विश्लेषण को यह जांच करने के लिए, कि क्या इसका अनपेक्षित विकास पर कोई प्रभाव पड़ा है, जांच की अवधि तथा उससे पहले की अवधि के लिए प्रस्तुत करने की जरूरत है।

(iv) मध्यपूर्व में भारी प्राकृतिक गैस भंडार के कारण विदेशी उत्पादकों के लिए ऊर्जा लागत सदैव ही पर्याप्त कम रही है, जो व्यापक तौर पर ज्ञात तथ्य है। इसलिए किसी भी रूप में इस विकस को "अनपेक्षित" या "अप्रत्याशित" विकास नहीं माना जा सकता है।

(v) भारत की भौगोलिक अवस्थिति स्थिर बनी रही और इस ओर से कोई अनपेक्षित विकास नहीं हुआ जिसके कारण आयातों में अचानक वृद्धि हुई हो।

(vi) जब कभी एलएमई बढ़ता है, प्राथमिक उत्पादक अपनी कीमतें बढ़ा देते हैं और परंतु जब कभी एलएमई कीमत कम होगी, तब वे आयातों के लिए ऐसी उत्सुकता प्रदर्शित नहीं करते हैं।

82. घरेलू उद्योग द्वारा अनपेक्षित परिस्थितियों के रूप में ऊपर उदधृत कारकों की जांच पर करने पर मैंने यह पाया कि घरेलू उद्योग द्वारा मध्यपूर्व से निर्यात में वृद्धि तथा मांग आपूर्ति में अंतर जैसे कारकों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराए गए आंकड़े यह सिद्ध करते हुए प्रतीत होते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के लिए मध्यपूर्व के देशों में बेशी क्षमता है। मध्यपूर्व के देशों जैसे ओमान, यूएई आदि में आने वाले आयातों की प्रवृत्ति से यह देखा जाता है कि आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2013-14 में उनके हिस्से में भारी वृद्धि दर्ज है। इसलिए घरेलू उद्योग द्वारा उदधृत किया गया यह कारण मध्यपूर्व से भारत को आयातों के अंतरित होने के उनके दावे का साक्ष्य प्रतीत होता है जो जांच की अवधि के दौरान संवर्धित आयातों के लिए एक अनपेक्षित कारण है।

